www.anokhateer.com anokhateer@gmail.com पंजीयन क्रमांक-एमपीएचआईएन 69306/1998

Epaper

# दैनिक अनोखा तीर

हरदा एवं नर्मदापुरम् से एक साथ प्रकाशित

निशाने पर हर खबर

27 फरवरी 2026
हरदा, शुक्रवार
वर्ष-15, अंक - 263, पृष्ठ-8
मूल्य- 2 रुपए
फाल्गुन शुक्ल पक्ष - 11
विक्रम संवत् 2082

प्रदेश में होली से पहले बसों की हड़ताल

● नई परिवहन नीति से मालिक-ऑपरेटर्स नाराज

## घर जाना हो सकता है 5-7 गुना महंगा



**अनोखा तीर, भोपाल ।**

मध्य प्रदेश के 55 जिलों में 2 मार्च यानी होली से ठीक 2 दिन पहले बसों की हड़ताल होगी। इसमें प्रदेश की 20 हजार बसें शामिल होंगी। मध्य प्रदेश बस ऑपरेटर्स एसोसिएशन के मुताबिक, प्रदेश में 12 हजार 780 परमिट वाली जबकि 7 हजार से अधिक कॉन्ट्रैक्ट वाली बसें हैं।

2 मार्च को सुबह 6 बजे से सभी बसों के पहिए थम जाएंगे। सबसे ज्यादा असर आम यात्रियों पर पड़ेगा, जो होली में अपने घर जाएंगे। बस संचालक सरकार की नई परिवहन नीति का विरोध कर रहे हैं। इस नीति के तहत सरकार 7 कंपनियों को पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप मॉडल के तहत सभी बसों के टेंडर सौंप देगी। परेशानी की बात यह है कि अगर बसों की हड़ताल हुई तो किराये में 5 से 7 गुना वृद्धि होने का अनुमान है।

### किराए का 10 प्रतिशत तक वसूलेंगी कंपनियां

मध्य प्रदेश बस ओनर्स एसोसिएशन के महामंत्री जयकुमार जैन ने बताया कि सरकार नई नीति के तहत लोकल रूट के लिए बसों के परमिट देगी। किराया सात नई कंपनियां तय करेंगी जबकि ड्राइवर, स्टाफ और ईंधन की जिम्मेदारी बस ऑपरेटरों की ही रहेगी। किराए की राशि कंपनियां तय करेंगी और हमसे कमीशन लिया जाएगा।

## पुलिस ने पति का ई-रिक्शा रोका, पत्नी ने खाया जहर

भोपाल में सड़क पर भिड़ गया युवक



**अनोखा तीर, भोपाल ।**


भोपाल में दो पुलिसकर्मियों ने ई रिक्शाचालक युवक से बदसलूकी की तो उसकी पत्नी ने जहर खा लिया। गुस्साए युवक ने सड़क के बीच में ही रिक्शा पार्क कर दिया, जिससे जाम के हालत बन गए। फिर पुलिसकर्मियों से भिड़ गया। खूब खरी-खोटी सुनवाई। उनकी बाइक पलट दी। इसके बाद दोनों पुलिसकर्मी भागकर पुराने कंट्रोल रूम में घुस गए। रिक्शाचालक भी पीछे-पीछे वहां पहुंच गया। इस बीच उसकी पत्नी रिक्शा में ही तड़पती रही। अन्य पुलिसकर्मियों की समझाइश पर युवक पत्नी को रिक्शा से ही अस्पताल लेकर रवाना हो गया।घटना भोपाल के पुराने पुलिस कंट्रोल रूम तिराहे पर गुरुवार दोपहर करीब दो बजे की है।

### थाने चलने की धमकी दी तो खाई चूहामार दवा

रिक्शाचालक का नाम नवल कुशवाह उर्फ राहुल है। वह बरखेड़ी का रहने वाला है। उसने कहा कि वह पत्नी पूजा के साथ पर्सनल काम से मार्केट जा रहा था। इसी बीच पुराना कंट्रोल रूम तिराहा पर पुलिस ने उसके रिक्शा को रोक लिया।

प्रदेश में ओले-बारिश का दौर थमा

## भोपाल-इंदौर समेत 28 जिलों में पारा 30 डिग्री के पार



**अनोखा तीर, भोपाल ।**

**भोपाल (नप्र)।** मध्य प्रदेश में आंधी, बारिश और ओले का दौर थमने के बाद गर्मी का असर बढ़ा है। बुधवार को भोपाल, इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर-जबलपुर समेत प्रदेश के 28 जिलों में दिन का तापमान 30 डिग्री के पार पहुंच गया। मौसम विभाग की माने तो 2 मार्च से नया सिस्टम एक्टिव हो रहा है। इसके असर से कुछ जिलों में बारिश होने का अनुमान है। बता दें कि इस बार फरवरी में मौसम का मिजाज चार बार बदला है। शुरुआत में ही प्रदेश में दो बार ओले, बारिश और आंधी का दौर रह चुका है। इससे फसलों को खासा नुकसान हुआ था। इसके बाद सरकार ने प्रभावित फसलों का सर्वे भी कराया था। 18 फरवरी से तीसरी बार प्रदेश भीग गया है। 19, 20 और 21 फरवरी को भी असर रहा। फिर चौथी बार 23-24 फरवरी को भी ओले-बारिश का दौर रहा।

### इन जिलों में गर्मी का असर रहा

बुधवार को कुछ जिलों में बादल छाए रहे, बाकी में मौसम साफ रहा। इससे दिन में गर्मी का असर बढ़ गया।

## प्रेम प्रसंग के चलते हुई थी हत्या

● पुराने प्रेमी को जंगल में लेकर गई थी महिला और नए प्रेमी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**अनोखा तीर, भोपाल ।** एक महिला की खूनी साजिश का पर्दाफाश हो गया है। भेल स्पोर्ट्स क्लब के जंगल में 46 वर्षीय ताराचंद पटेल का शव मिला था। अब मामले में पुलिस ने खुलासा कर दिया है। ताराचंद पटेल की हत्या उसकी प्रेमिका ने करवाई थी। इस हत्याकांड को अंजाम महिला के नए प्रेमी ने दिया है। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

### संबंध बनाने के लिए बुलाया

दरअसल, महिला ने अपने पूर्व प्रेमी ताराचंद पटेल को संबंध बनाने के लिए बुलाया। इसके बाद भेल स्पोर्ट्स क्लब के जंगल में ले गई। जंगल में ही दोनों संबंध बना रहे थे। इस दौरान वहां भेल क्लब का चौकीदार कृष्णपाल यादव यहां पहुंचा और ताराचंद पटेल के सिर पर डंडे से वार कर दिया। इसके बाद महिला भी चौकीदार के साथ मिल गई और चाकू से चेहरे और गले पर वार कर हत्या कर दी।

### 21 फरवरी को मिला था शव

भोपाल पुलिस ने बताया कि 21 फरवरी को भोपाल स्पोर्ट्स क्लब के गार्ड ने एक शव पड़े होने की सूचना दी थी। मृतक के परिजनों ने विदिश की रानी अहिरवार के साथ उसके संबंध की जानकारी दी थी। ताराचंद के साथ उसका अफेयर चल रहा था। वह उसकी आर्थिक मदद भी करता था। महिला गार्ड और मजदूरी का काम करती थी।

### चौकीदार से हो गई दोस्ती

इसी दौरान महिला की दोस्ती कृष्णपाल यादव से हो गई। दोनों के बीच प्रेम संबंध बने। इस बीच उसका ताराचंद से झगड़ा होने लगा। फिर कृष्णपाल यादव के साथ मिलकर हत्या की साजिश रची। फिर ताराचंद को उसने जिंसी चौराहे पर बुलाया और कहा कि भेल स्पोर्ट्स क्लब के जंगल में चलते हैं, वहां संबंध बनाएंगे। संबंध बनाने के दौरान ताराचंद पर कृष्णपाल ने हमला कर दिया।

‘स्व से सृष्टि’ तक मंगल ही हमारा संकल्प

## सेवा ही हमारा परम धर्म : मुख्यमंत्री

● जो सबके मंगल की कामना करे, ऐसी महान है हमारी भारतीय संस्कृति ● सिंहस्थ महाकुंभ-2028 में सभी साधु-संतों को किया आमंत्रित



**अनोखा तीर, भोपाल ।**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव गुरुवार को राजस्थान के भीलवाड़ा में हरिशेवा उदासीन आश्रम के स्थानापति परमपूज्य श्री महामण्डलेश्वर स्वामी हंसरामजी महाराज की मौजूदगी में हुए सनातन मंगल महोत्सव, संत समागम एवं दीक्षा महोत्सव में शामिल हुए। राजा भलराज भील की नगरी भीलवाड़ा में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने स्वामी हंसरामजी महाराज से भेंटकर उनका सानिध्य और आशीर्वाद भी प्राप्त किया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भीलवाड़ा के हरिशेवा उदासीन आश्रम सनातन मंदिर में गादी पूजन किया।



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंगल महोत्सव एवं संत समागम में देश-विदेश से आये विद्वतजनों को संबोधित करते हुए कहा कि हम सबके मंगल की कामना करने वाली महान और गौरवशाली भारतीय संस्कृति के संवाहक हैं। हमारी संस्कृति का सूत्र वाक्य ही ‘वसुधैव कुटुंबकम्’ है। हमारा यही जीवन मूल्य हमें ‘स्व के साथ पूरी सृष्टि’ के कल्याण की प्रेरणा देता है। सनातन मंगल महोत्सव का आयोजन हमारी सर्व कल्याणकारी भावना की ही जीवंत अभिव्यक्ति है। खुद के लिए तो सब जीते हैं, संसार के सभी प्राणियों, जीव-जंतुओं, पेड़-पौधों-वनस्पतियों के कल्याण के जीवोमूल लक्ष्य के लिए जीना ही हम सबका परम सेवाधर्म होना चाहिए।

उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति की जड़ें सेवा, समर्पण, विश्व बंधुत्व और सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय की परोपकारी भावना में निहित हैं। सेवाभाव ही हमारी संस्कृति का प्राण है और जीवमात्र की सेवा ही श्रीहरि की सेवा है, सम्पूर्ण मानवता की सेवा है। उन्होंने कहा कि ‘रा’ से राजस्थान और ‘म’ से मध्यप्रदेश मिलकर ‘राम’ की महिमा बढ़ा रहे हैं।

## जबलपुर क्राइम ब्रांच ने ‘दरोगा’ और उसके साथी को पकड़ा

### बड़ी वारदात की फिराक में थे बदमाश, 170 जिंदा कारतूस और एक पिस्टल बरामद

**अनोखा तीर, जबलपुर ।** जबलपुर क्राइम ब्रांच और गोसलपुर थाना पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से एक देशी पिस्टल और 170 जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं। दोनों के खिलाफ धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार आरोपी किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में शहर आ रहे थे।



### टोल प्लाजा पर घेराबंदी कर पकड़ा

क्राइम ब्रांच के एएसपी जितेंद्र सिंह को गुरुवार (26 फरवरी) की सुबह सूचना मिली थी कि कटनी से जबलपुर की ओर एक सफेद रंग की होंडा सेंट्रो कार (क्रमांक एमपी 20 सीके 6302) में दो युवक भारी मात्रा में हथियार और कारतूस लेकर आ रहे हैं। सूचना के आधार पर क्राइम ब्रांच और गोसलपुर थाना पुलिस की टीम ने मोहतरा टोल प्लाजा के पास घेराबंदी की। कुछ देर बाद बताए गए नंबर की कार पहुंची, जिसे रोककर तलाशी ली गई।

## बुर्का पहनी महिला पर मांस फेंकने का आरोप

खून लगे ग्लव्स वाला वीडियो सामने आया, व्यापारियों ने घेरा, हिंदू संगठन भी आए सामने

**अनोखा तीर, भोपाल ।**

भोपाल के कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित लोहा बाजार और लखेरा बाजार में गुरुवार को उस समय हंगामा खड़ा हो गया जब व्यापारियों ने एक बुर्का पहने महिला को दुकानों के सामने मांस के टुकड़े फेंकने के आरोप में रोक लिया। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है, जिसमें महिला के हाथों में पहने ग्लव्स पर खून जैसे लाल निशान दिखाई दे रहे हैं। व्यापारियों का आरोप है कि महिला पिछले एक-दो महीने से बाजार क्षेत्र में, जहां मंदिर और जैन मंदिर स्थित हैं, वहां मांस के टुकड़े डाल रही थी, जिससे धार्मिक भावनाएं आहत हो रही हैं।

**वीडियो में क्या दिख रहा है-** वीडियो में कुछ व्यापारी एक बुर्के वाली महिला से बहस करते नजर आते हैं। कैमरे में महिला के हाथों में पहने ग्लव्स पर लाल रंग के धब्बे साफ दिखाई देते हैं, जिन्हें



व्यापारी मांस का खून बता रहे हैं। वीडियो में व्यापारी महिला से एनजीओ का नाम पूछते हैं। महिला खुद को एक एनजीओ से जुड़ा बताती है और कहती है कि वह कुत्तों को खाना खिला रही थी। बहस के दौरान 112 नंबर पर कॉल करने की बात भी कही जाती है। कुछ लोग महिला की गाड़ी की चाबी अपने पास रखने की बात करते सुनाई देते हैं और कहते हैं कि पहले थाने चलकर बात होगी। मौके पर भीड़ भी जुटती दिखाई देती है और दोनों पक्षों के बीच तीखी नोकझोंक होती है।

**व्यापारी बोले-दुकानों के आगे फेंके जा रहे थे मांस के टुकड़े-** लोहा बाजार के व्यापारी प्रतीक ने बताया कि उन्होंने महिला को समझाइश दी कि बाजार क्षेत्र और मंदिरों के आसपास इस तरह की गतिविधि से विवाद की स्थिति बन सकती है।

### कुत्तों को खिला रहे थे, आगे से ध्यान रखेंगे

वीडियो में महिला खुद को एक एनजीओ से जुड़ा बता रही है और कहती सुनाई दे रही है कि वह कुत्तों को खाना खिलाने के लिए मांस डाल रही थी। महिला ने मौके पर माफी मांगने और आगे से ध्यान रखने की बात भी कही। वीडियो में दोनों पक्षों के बीच तीखी बहस होती दिखाई दे रही है, जिसमें 112 नंबर पर पुलिस बुलाने की बात भी कही जाती है।

पत्नी आईसीयू में, ऑनलाइन गेम के चलते कर्ज में डूबा था

## मोबाइल कारोबारी ने पत्नी-बेटी को जहर दिया, खुद भी पीया, पिता-पुत्री की मौत

**शहडोल (एजेंसी)।**

शहडोल में ऑनलाइन गेम की लत और इसके चलते कर्ज से परेशान होकर मोबाइल कारोबारी ने पत्नी-बेटी को जहर पिला दिया। फिर खुद पी लिया। इलाज के दौरान पहले बेटी, फिर कारोबारी की जान चली गई। पत्नी मेडिकल कॉलेज के आईसीयू में मौत से जंग लड़ रही है। मामला शहडोल के कोतवाली थाना इलाके में पुरानी बस्ती का है। यहां रहने वाले शंकर लाल गुप्ता (40) को ऑनलाइन गेम बीडीजी खेलने की लत थी। वह इस खेल में करीब 4 लाख रुपए हार चुका था। इसके लिए लोगों से कर्ज भी लिया था।

कर्ज के बढ़ते बोझ और आर्थिक तंगी की वजह से शंकर लाल काफी समय से तनाव में चल रहा था। कभी खुद की मोबाइल दुकान चलाने वाला शंकर अब सड़क किनारे छोटी सी दुकान लगाकर गुजारा करने को मजबूर था।



**घर से बाहर होने की वजह से बचा बेटा-** 24 फरवरी की रात शंकर लाल 15 वर्षीय बेटे अनिकेत के साथ बाजार गया। बेटे को दोस्त की दुकान में छोड़कर शंकर ने चाय पीने की बात कही। फिर बाजार से कोल्ड ड्रिंक खरीदकर घर चला आया। इसमें जहर मिला दिया। फिर पत्नी राजकुमारी और बेटी स्वाति (16) को कोल्ड ड्रिंक पिला दी। खुद भी पी ली। रात में चीखपुकार सुनकर पड़ोसी शंकर लाल के घर पहुंचे। देखा कि तीनों लोगों की तबीयत खराब है। एम्बुलेंस की मदद से तीनों को अस्पताल पहुंचाया। जहां इलाज के दौरान 25 फरवरी की सुबह स्वाति की मौत हो गई। शाम करीब 6 बजे शंकर लाल ने भी दम तोड़ दिया।

**एक साल से ऑनलाइन गेम खेल रहा था-** कोतवाली के एसआई उपेंद्र त्रिपाठी ने कहा- शंकर एक साल से ऑनलाइन गेम खेल रहा था। टी-20 वर्ल्ड कप के दौरान वह इसमें ज्यादा सक्रिय था। शुरुआती जांच में खुदकुशी की वजह आर्थिक तंगी ही लग रही है। पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है। पोस्टमॉर्ट्म और फोरेंसिक रिपोर्ट का इंतजार कर रही है।

**बेटी बोली थी-पापा ने कुछ पिला दिया, बचा लो -** पापा दो लीटर की कोका-कोला की बोतल लाए थे। मम्मी और मुझे दो-दो गिलास कोल्ड ड्रिंक दी। दो गिलास भरे और खुद पी लिए। बाकी कोल्ड ड्रिंक रखने को कहा। जब अंशु आएगा, तो वह भी पी लेगा। थोड़ी देर बाद हमारी हालत बिगड़ने लगी। यह बयान गुरुवार सुबह मौत होने से पहले स्वाति गुप्ता (16) ने पुलिस के सामने दिया था। उसकी मां राजकुमारी गुप्ता (38) शहडोल मेडिकल कॉलेज के आईसीयू में भर्ती है।

## किसानों के आगे झुकी सरकार !

● इंदौर-उज्जैन ग्रीन फील्ड रोड अब एलिवेटेड नहीं जमीनी स्तर पर बनेगा

**अनोखा तीर, भोपाल ।**

इंदौर-उज्जैन ग्रीन फील्ड कॉरिडोर को लेकर किसान विरोध कर रहे थे। किसानों के विरोध को देखते हुए सरकार झुक गई है। सीएम मोहन यादव ने कहा कि मेट्रो पॉलिटन सिटी इंदौर-उज्जैन भविष्य की दृष्टि से काफी महत्वपूर्ण होगा। इस नाते इंदौर-उज्जैन ग्रीन फील्ड फोर लेन प्रोजेक्ट भी किसानों के हित में उनके सुझाव के अनुरूप एलिवेटेड नहीं जमीनी स्तर पर बनाया जाएगा।

### सिंहस्थ को देखते हुए निर्माण

मोहन यादव ने कहा कि इंदौर-उज्जैन के इस पुराने मार्ग से जानापाव आने-जाने के लिये भी परिवहन होता रहा है। पूर्व के वर्षों में मार्ग के संकुचित होते जाने से जो दुर्घटनाएं होती रही हैं, वह सिलसिला अब थम जायेगा। किसानों से विचार विमर्श के पश्चात इस ग्रीन फील्ड फोर लेन मार्ग परियोजना के कार्यों को गति दी जा रही है। गत 20 फरवरी को अनुबंध निष्पादन के पश्चात अन्य कार्यवाही प्रचलन में है। आगामी सिंहस्थ को देखते हुए यह परियोजना बड़ी जनसंख्या को लाभान्वित करेगी। प्रदेश में सड़क अधोसंरचना को सशक्त करने की दिशा में यह महत्वपूर्ण कदम है।



गौरतलब है कि इसे लेकर आसपास के किसानों ने विरोध शुरू कर दिया था। बड़े पैमाने पर किसान अनिश्चितकालीन धरना पर बैठने वाले थे। इसके बाद किसानों को भोपाल बुलाया गया और उनसे बातचीत के बाद सीएम मोहन यादव ने समस्या का हल निकाला है।

**किसानों को मिलेगा उचित मुआवजा-** सीएम मोहन यादव ने कहा कि जिन किसानों की भूमि प्रभावित होगी, उन्हें उचित मुआवजा देने के लिये शासन-प्रशासन प्रतिबद्ध है। उन्होंने बुधवार की शाम इंदौर और उज्जैन जिलों के विभिन्न गांवों से आए किसान प्रतिनिधियों से चर्चा की है। सरकार के फैसले का किसानों ने आभार जताया है।

**फोर लेन का हो रहा है निर्माण-** मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम के माध्यम से 2935.15 करोड़ रुपये की परियोजना के अंतर्गत क्षेत्रीय विकास की दृष्टि से महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए 2 जिलों के 28 ग्रामों को नया स्वरूप और जनसुविधा देने के लिये फोर लेन मार्ग निर्मित किया जा रहा है। उन्नत संरचना के अंतर्गत इंदौर-उज्जैन के मध्य 2 स्थानों वेस्टर्न रिंग रोड और उज्जैन बदनावर मार्ग क्रॉसिंग पर वृहद जंक्शन का प्रावधान है। परिवहन तेज और सुरक्षित रहे इसके लिये प्रत्येक टोल प्लाजा पर आवश्यक प्रबंध भी होंगे।

## सार-समाचार

### अग्रवाल महिला महासभा का पदग्रहण एवं सम्मान समारोह संपन्न

**अनोखा तीर, हरदा।** अखिल भारतीय अग्रवाल महिला महासभा हरदा का गरिमामय पदग्रहण एवं सम्मान समारोह आध्यात्मिक वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ देव भाषा संस्कृत में भगवान श्रीगणेश, भगवान शिव एवं मां नर्मदा के वंदन से हुआ। तत्पश्चात कुलदेवी माँ लक्ष्मी के समक्ष वैदिक मंत्रोच्चार के साथ दीप प्रज्वलन किया गया एवं अग्रसेन महाराज की विधिवत पूजा-अर्चना कर कार्यक्रम को आध्यात्मिक गरिमा प्रदान की गई। कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती भारती अग्रवाल एवं उनके पति सुरेश अग्रवाल अध्यक्ष, अग्रवाल समाज नर्मदापुरम की विशेष उपस्थिति रही। इसके पश्चात प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती भारती अग्रवाल द्वारा महासभा की नव-नियुक्त पदाधिकारी बहनों को बैज एवं नियुक्ति पत्र प्रदान



कर सम्मानित किया गया। साथ ही युवा वर्ग में अंकुश अग्रवाल को नगर अध्यक्ष एवं नीरज अग्रवाल को जिला उपाध्यक्ष के पद पर मनोनीत कर प्रशस्ति पत्र एवं बैज से सम्मानित किया गया। अपने प्रेरक उद्बोधन में प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती भारती अग्रवाल ने समाज को संगठित, एकजुट एवं सक्रिय रहने का संदेश देते हुए कहा कि व्यक्तिगत स्वार्थ, इर्ष्या एवं मतभेद से ऊपर उठकर 'वसुधैव कुटुम्बकम' की भावना से समाज उत्थान के लिए कार्य करना चाहिए। उन्होंने संगठन को निरंतर सक्रिय एवं सशक्त बनाए रखने हेतु महत्वपूर्ण मार्गदर्शन प्रदान किया। इस अवसर पर सुरेश कुमार अग्रवाल ने समाज की जनगणना, एकजुटता एवं संगठनात्मक मजबूती पर प्रकाश डालते हुए संगठित रहकर आगे बढ़ने का आह्वान किया। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष विक्रांत अग्रवाल, महिला प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष श्रीमती पुष्पा अग्रवाल, जिला महामंत्री श्रीमती राखी अग्रवाल, जिला सहमंत्री श्रीमती सीमा अग्रवाल, जिला उपमंत्री श्रीमती संगीता अग्रवाल, जिला उपाध्यक्ष श्रीमती रश्मि अग्रवाल, जिला सचिव श्रीमती सोनाली अग्रवाल, जिला कोषाध्यक्ष श्रीमती अर्चना अग्रवाल, जिला मीडिया प्रभारी श्रीमती हेमलता अग्रवाल, नगर अध्यक्ष श्रीमती कुसुम अग्रवाल, नगर सचिव श्रीमती रीना अग्रवाल, नगर कोषाध्यक्ष श्रीमती मीना अग्रवाल, नगर मीडिया प्रभारी श्वेता अग्रवाल, कविता अग्रवाल सहित महिला महासभा की पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन जिला मीडिया प्रभारी श्रीमती हेमलता अग्रवाल ने अपनी प्रभावशाली भाषा एवं मौलिक विचारों से किया, जिसमें नगर मीडिया प्रभारी श्रीमती श्वेता अग्रवाल का सराहनीय सहयोग रहा। कार्यक्रम के दौरान जिला अध्यक्ष विक्रांत अग्रवाल एवं जिला अध्यक्ष श्रीमती पुष्पा अग्रवाल ने भी संगठन को सशक्त बनाने हेतु अपने विचार व्यक्त किए।

### 'बाल मित्र जागरुकता अभियान' पर हुआ कार्यक्रम

**अनोखा तीर, हरदा।** शहर के बस स्टैंड स्थित नेताजी सुभाषचंद्र बोस बालक आवासीय छात्रावास में 26 फरवरी को हरदा पुलिस द्वारा संचालित ' बाल मित्र जागरूकता अभियान अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम पुलिस अधीक्षक हरदा के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं एसडीओपी के मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी कोतवाली हरदा के नेतृत्व में संपन्न हुआ। इस अवसर पर छात्रावास के लगभग १०० छात्रों को विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। थाना कोतवाली से सउनि जितेंद्र राजपूत एवं आरक्षक



नीलेश पटेल ने विद्यार्थियों को गुड टच एवं बैड टच के बारे में विस्तार से समझाया। साथ ही साइबर क्राइम से बचाव के उपाय, नशे के सेवन से होने वाली मानसिक, शारीरिक एवं पारिवारिक समस्याओं तथा पुलिस की कार्यप्रणाली के संबंध में भी जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में आत्म-सुरक्षा की भावना विकसित करना, उन्हें साइबर अपराधों एवं नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना तथा पुलिस और आमजन के बीच विश्वास को मजबूत करना था। विद्यार्थियों ने कार्यक्रम में सक्रिय सहभागिता करते हुए विभिन्न प्रश्न पूछे और विषयों की विस्तृत जानकारी प्राप्त की।

### खाटू श्याम मंदिर हरदा के लिए आज निकलेगी निशान पदयात्रा

**अनोखा तीर, सोडलपुर।** फागुन एकादशी के पावन अवसर पर खाटू श्याम परिवार के भक्तों द्वारा द्वितीय भव्य पैदल निशान यात्रा शुक्रवार सुबह 7.30 बजे कान्हा बाबा धाम से रवाना होगी। यात्रा को लेकर पिछले आठ दिनों से जोर-शोर से तैयारियां चल रही हैं। गुरुवार को बाबा का रथ आकर्षक रूप से सजाया गया। समिति के नीरज राठौर, आशीष मालवीय एवं अमित सोलंकी ने बताया कि ग्राम के बाजार चौक स्थित श्याम कुटी पर ध्वज-निशान पूजन के साथ यात्रा का शुभारंभ किया जाएगा। पदयात्रा



मनयाखेड़ी, भाटपरिटीया, डबल फाटक होते हुए हरदा की प्रताप सिटी कॉलोनी स्थित खाटू श्याम मंदिर पहुंचेगी। यात्रा में बड़ी संख्या में महिला-पुरुष श्रद्धालु शामिल होंगे। पुरुष सफेद कुर्ता-पायजामा तथा महिलाएं लाल व गुलाबी साड़ियों में नजर आएंगी। भक्तों के हाथों में बाबा के ध्वज-निशान रहेंगे और सुंदर भजनों की धुन पर श्रद्धालु नाचते-झूमते आगे बढ़ेंगे। मंदिर पहुंचने पर श्रद्धालु बाबा को निशान अर्पित कर विधिवत आरती-पूजन करेंगे। इसके पश्चात प्रसादी का वितरण किया जाएगा। आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखा जा रहा है।

### राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम के तहत खिरकिया में स्क्रीनिंग शिविर

**अनोखा तीर, हरदा।** राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम अंतर्गत संचालित सभी पेंशन योजनाओं इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय दिव्यांग पेंशन योजना, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय परिवार सहायता योजना के तहत सभी पात्र हितग्राहियों की पेंशन फार्म तैयार कर पेंशन स्वीकृत करने एवं उच्च न्यायालय के आदेशानुसार दिव्यांग बच्चों के दिव्यांग प्रमाण पत्र तैयार करने हेतु जिले में स्क्रीनिंग शिविर का आयोजन किया जाएगा। उप संचालक सामाजिक न्याय विभाग कमलेश सिंह ने बताया कि शिविरों में सामाजिक न्याय विभाग, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, एवं महिला बाल विकास, सभी जनपदों व नगरीय निकायों को शत प्रतिशत स्क्रीनिंग हेतु जिम्मेदारी दी गई है।

---

पत्नी के हत्यारे पति को उम्रकैद की सजा

# कुल्हाड़ी से मारकर उतारा था मौत के घाट

**अनोखा तीर, हरदा।**

हरदा जिला न्यायालय ने पत्नी की कुल्हाड़ी से हत्या करने वाले दोषी पति को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश निमिष राजा की अदालत ने मामले में सुनवाई करते हुए आरोपी पति कैलाश को भारतीय दंड संहिता की धारा 302 के तहत यह फैसला सुनाया। साथ ही दोषी पर 1000 रुपए का जुर्माना भी लगाया गया है। 22 मई 2023 को हुई इस घटना में आरोपी ने विवाद के बाद पत्नी की हत्या कर दी थी और घर में ताला लगाकर फरार हो गया था। अब उसे जेल भेज दिया गया है। अतिरिक्त लोक अभियोजन विपिन सोनकर ने बताया कि यह





पूरी घटना रहटगांव थाना क्षेत्र के ग्राम मोहनपुर की है। 22 मई 2023 को मृतका किरण के भाई रामचरण पिता सखाराम ने पुलिस को सूचना दी थी कि उसकी बहन के घर पर ताला लगा हुआ है और अंदर से तेज बदबू आ रही है। पड़ोसियों ने भी घर के बाहर भीड़ देखी थी, जिसके बाद रामचरण अपने भांजे मुकेश के साथ मौके पर पहुंचा था।

**खून से लथपथ पड़ा था शव**

मौके पर पहुंचकर जब रामचरण और मुकेश ने देखा कि मुख्य दरवाजे पर ताला लगा हुआ है, तो उन्होंने छत के कबेलू हटाकर अंदर झांका। अंदर कमरे में किरण का शव औंधे मुंह जमीन पर पड़ा हुआ था। उसके सिर से काफी खून बह चुका था, जो पूरे फर्श पर फैला हुआ था। इसके बाद तुरंत पुलिस को मामले की सूचना दी गई। पुलिस ने भाई रामचरण की रिपोर्ट के आधार पर मामले की जांच शुरू की। आरोपी पति कैलाश हत्या के बाद से ही फरार था। पुलिस ने उसकी मोबाइल टावर लोकेशन निकाली और उसकी मदद से घटना के करीब 13-14 दिन बाद, 4 जून 2023 को उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की पूछताछ के दौरान आरोपी कैलाश ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। उसने पुलिस को बताया कि पत्नी किरण के साथ उसका विवाद हो गया था। इसी विवाद के चलते उसने गुस्से में आकर कुल्हाड़ी से उसके सिर पर वार कर दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने इस मामले में प्रकरण दर्ज कर विवेचना पूरी की और चालान न्यायालय में प्रस्तुत किया था। न्यायालय ने अभियुक्त के विरुद्ध आरोप तय किए। संपूर्ण सुनवाई के बाद न्यायाधीश ने आरोपी कैलाश को हत्या का दोषी मानते हुए आजीवन कारावास और 1000 रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। अदालत ने स्पष्ट किया है कि अर्थदंड जमा नहीं करने पर उसे एक वर्ष का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

---

# हरदा रेलवे स्टेशन उप डाकघर बंद करने के आदेश पर विरोध

जमना जैसानी फाउंडेशन ने पोस्टमास्टर को सौंपा ज्ञापन



**अनोखा तीर, हरदा।**

हरदा रेलवे स्टेशन पर संचालित उप डाकघर को बंद करने के आदेशों के खिलाफ विरोध तेज हो गया है। जमना जैसानी फाउंडेशन के पदाधिकारियों ने इस निर्णय पर आपत्ति जताते हुए हरदा के पोस्टमास्टर अरविंद जोशी को ज्ञापन सौंपकर आदेश निरस्त करने की मांग की। फाउंडेशन के प्रतिनिधियों ने कहा कि एक ओर देश के संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया डाक विभाग को सशक्त बनाने और उसकी जनउपयोगी योजनाओं को हर व्यक्ति तक पहुंचाने की बात कर रहे हैं।

उन्होंने हाल ही में कहा था कि डाकिया चलता है तो देश चलता है तथा गांव में दो लोगों को सभी जानते हैं-एक डाकिया और एक कोटवार। वहीं दूसरी ओर हरदा जिले में डाक सेवाओं को कमजोर किया जा रहा है। शहर में पूर्व में दो उप डाकघर बंद किए जा चुके हैं और अब रेलवे स्टेशन स्थित उप डाकघर को भी बंद करने के आदेश जारी हो चुके हैं। फाउंडेशन के अनुसार यह उप डाकघर वर्ष 1906 से संचालित हो रहा है। वर्तमान में यह सिंगल हैंड संचालित था और इसे डबल हैंड किए जाने की मांग की जा रही थी, लेकिन मांग पर विचार करने के बजाय इसे बंद करने का निर्णय लिया गया।

पदाधिकारियों ने बताया हरदा रेलवे स्टेशन स्थित उप डाकघर पर सर्वाधिक डाक का आवागमन होता है। रक्षाबंधन जैसे त्योहारों पर बहनें भाइयों को राखी डाक से भेजती हैं। ऐसे में उप डाकघर बंद होने से आम नागरिकों को परेशानी का सामना करना पड़ेगा। डाकघर के माध्यम से सुकन्या समृद्धि योजना, लाड़ली बहना योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, बैंकिंग सेवाएं, अल्प बचत योजनाएं एवं पार्सल सेवा सहित कई योजनाएं संचालित हो रही हैं।

---

## 1 लाख 79 हजार की अवैध शराब जब्त, 15 प्रकरण बनाएं

अनोखा तीर, हरदा। कलेक्टर सिद्धार्थ जैन के निर्देशन व जिला आबकारी अधिकारी सुनील भोजने के मार्गदर्शन में आबकारी विभाग के दल ने बुधवार को मदिरा के अवैध विक्रय, परिवहन व संग्रहण के विरूद्ध कार्यवाही की। जिला आबकारी अधिकारी सुनील भोजने ने बताया कि इस दौरान आबकारी विभाग के दल ने जिले के बैरागढ़, टंकी मोहल्ला, खेड़ीपुरा, बड़ी नहर के पास छीपानेर रोड़ हरदा, ग्राम बगवाड़, चारखेड़ा, नांदरा, सोडलपुर, टिमरनी, ग्राम महेंद्रगांव, सुलतानपुर व अजरूत रैय्यत में दबिश दी। दबिश के दौरान कुल 19 पाव देशी शराब, 45 लीटर हाथ भट्टी कच्ची महुआ शराब एवं 1690 किलोग्राम महुआ लाहन जप्त कर आबकारी अधिनियम 1915 के तहत कुल 15 प्रकरण दर्ज किए। जप्त मुद्देमाल का अनुमानित बाजार मूल्य 1 लाख 79 हजार 425 रुपए है।

---

बांसकारी महोत्सव में दिखी बांस आधारित आजीविका की नई तस्वीर

# मनरेगा से होगा बांस रोपण, कारीगर खुद उगाएंगे कच्चा माल : कलेक्टर



**अनोखा तीर, हरदा।**

हरदा जिले की टिमरनी तहसील स्थित बांसकारी-बांस टेक्नोलॉजी सेंटर सह कॉमन फैसिलिटी सेंटर में आयोजित हरदा बांसकारी महोत्सव-2026 ने बांस आधारित आजीविका, उद्यमिता और बाज़ार संभावनाओं की एक सशक्त झलक प्रस्तुत की। यह कार्यक्रम दलित इंडियन चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री डिक्की एवं सर्च एंड रिसर्च डेवलपमेंट सोसाइटी के संयुक्त तत्वावधान में, मध्यप्रदेश राज्य औद्योगिक विकास निगम के सहयोग से आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बांस उत्पादों की प्रदर्शनी के उद्घाटन के साथ हुआ। इसके पश्चात औपचारिक शुभारंभ सत्र आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि कलेक्टर सिद्धार्थ जैन सहित अन्य अतिथियों ने सहभागिता की। संचालक बांसकारी एवं अध्यक्ष सर्च एंड रिसर्च डेवलपमेंट सोसाइटी डॉ. मोनिका जैन ने स्वागत वक्तव्य देते हुए बांसकारी की यात्रा, सीएफसी की भूमिका और महिलाओं, युवाओं व कारीगरों के जीवन में आए सकारात्मक बदलावों को रेखांकित किया। इसके बाद डिक्की अध्यक्ष डॉ. अनिल सिरवैया ने कार्यक्रम के उद्देश्य और रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए ओडीओपी बांस, उद्यम विकास, बाज़ार से जुड़ाव और उद्यमियों के लिए अवसरों पर प्रकाश डाला।

- **जिले में बांस आधारित स्थायी आजीविका तैयार की जाएगी-** कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने अपने संबोधन में कहा कि बांस केवल एक शिल्प नहीं, बल्कि हरदा जिले की आर्थिक पहचान है। उन्होंने कारीगरों को कच्चे बांस की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए वन भूमि/उपयुक्त भूमि पर बांस प्लांटेशन तथा मनरेगा के माध्यम से बांस रोपण की संभावनाओं पर कार्य करने की बात कही। उन्होंने यह भी बताया कि कलेक्टोरेट सहित सरकारी आयोजनों में फूलों के गुलदस्तों के स्थान पर बांस से बने प्लांटर व अन्य उत्पादों को भेंट स्वरूप अपनाया जा रहा है, जिससे पर्यावरण संरक्षण के साथ





महिलाओं को रोज़गार भी मिल रहा है। साथ ही होटल उद्योग एवं सरकारी कार्यालयों में उपयोग होने वाली सामग्रियों को बांस से बनाने हेतु टाई-अप के प्रयासों की जानकारी दी। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय के प्रतिनिधि तथा बैंबू प्रोडक्शन एवं प्रोडक्ट डेवलपमेंट एक्सपर्ट श्याम विश्वनाथ ने बांस उत्पादन, गुणवत्ता, डिज़ाइन और उत्पाद विकास पर उपयोगी तकनीकी जानकारी साझा की।

- **मार्केट तथा एक्पोर्ट मार्गदर्शन-** तकनीकी सत्रों में एमपीआईडीसी के रीजनल ट्रेड एडवाइजर शुभम गुप्ता ने एक जिला एक उत्पाद बांस, निर्यात संभावनाओं और सरकारी सहयोग पर विस्तृत जानकारी दी। वॉलमार्ट वृद्धि के प्रतिनिधि समीर मिस्त्री ने ई-कॉमर्स सपोर्ट, एक्सपोर्ट सपोर्ट और लोकल-टू-ग्लोबल बिजनेस मॉडल पर मार्गदर्शन दिया। उन्होंने बताया कि किस प्रकार छोटे कारीगर और उद्यमी डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय बाजारों तक पहुंच बना सकते हैं। डाक विभाग द्वारा संचालित डाक घर निर्यात केंद्र के मैनेजर भवानी शंकर ने बताया कि हरदा से बांस के उत्पाद कैसे डाकघर के माध्यम से जिले और राज्य के बाहर, यहां तक कि विदेशों में भेजे जा सकते हैं। उन्होंने कारीगरों और उद्यमियों को इसकी प्रक्रिया समझाई।
- **बॉयर-सेलर मीट में मिले अवसर-** महोत्सव में आयोजित बॉयर-सेलर मीट में बांस उत्पाद निर्माताओं और बायर्स के बीच सीधा संवाद हुआ, जिससे संभावित व्यापारिक सहयोग के अवसर बने। बायर्स ने अपनी प्रोडक्ट डिमांड बताई और कारीगरों ने इस हिसाब से प्रोडक्ट बनाने पर सहमति जताई। इसके साथ ही लगे स्टॉल और प्रदर्शनी में उच्च गुणवत्ता वाले बांस उत्पाद, प्लांटर, होम डेकोर आइटंस, यूटिलिटी प्रोडक्ट्स और लाइफ स्टाइल उत्पाद, आगंतुकों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। बेहतर फिनिशिंग, आधुनिक डिजाइन और उपयोगिता ने बांस उत्पादों की बढ़ती बाजार क्षमता को दर्शाया।
- **बांसकारी बना प्रभावी मॉडल-** कार्यक्रम के अंत में यह संदेश उभरकर सामने आया कि बांसकारी मॉडल प्रशिक्षण, तकनीक, बाजार और नीति के समन्वय से ग्रामीण आजीविका और उद्यमिता को सशक्त बनाने का एक प्रभावी माध्यम बन रहा है। हरदा बांसकारी महोत्सव ने यह सिद्ध किया कि सही मार्गदर्शन और सहयोग से स्थानीय हुनर को स्थायी और सम्मानजनक आजीविका में बदला जा सकता है।

---

# गलत योनो डाउनलोड करते ही बुजुर्ग के खाते से उड़े 4.47 लाख

- **6 ट्रांजैक्शन में निकाली रकम, दो भुगतानों के मैसेज तक नहीं आए**

**अनोखा तीर, नर्मदापुरम।** शहर में साइबर ठगी का एक गंभीर मामला सामने आया है, जहां 67 वर्षीय बुजुर्ग गलत एपीके फाइल डाउनलोड करने के बाद 4 लाख 47 हजार 268 रुपए की ठगी का शिकार हो गए। आरोपित ने 18 से 20 फरवरी के बीच छह अलग-अलग ट्रांजैक्शन के माध्यम से उनके बैंक खाते से पूरी रकम निकाल ली। जानकारी के अनुसार 18 और 19 फरवरी को एक-एक ट्रांजैक्शन हुआ, जिनका पीड़ित को कोई मैसेज तक प्राप्त नहीं हुआ। वहीं 20 फरवरी को चार बार खाते से भुगतान हुआ, जिनके मैसेज आने पर बुजुर्ग घबरा गए और तत्काल बैंक से संपर्क किया। जांच में साइबर ठगी का खुलासा हुआ। पीड़ित ने मामले की शिकायत साइबर सेल और कोतवाली थाने में की, जिसके बाद पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया।

**योनो एप की जगह एपीके फाइल डाउनलोड करवाई-** बताया गया कि पीड़ित के मोबाइल में योनो एप इंस्टॉल नहीं था। कुछ दिन पहले बैंक कर्मचारियों ने उन्हें योनो एप डाउनलोड करने की सलाह दी थी। पीड़ित ने प्ले स्टोर से एप डाउनलोड किया, लेकिन इंस्टॉलेशन प्रक्रिया पूरी नहीं हो पाई। इसी दौरान एक व्यक्ति ने स्वयं को बैंक कर्मचारी बताकर फोन किया और एक लिंक भेजकर कहा कि इससे प्रक्रिया पूरी हो जाएगी। पीड़ित ने बताए अनुसार लिंक पर क्लिक कर एपीके फाइल डाउनलोड कर ली। फाइल डाउनलोड होते ही उनका मोबाइल हैक हो गया, हालांकि उन्हें इसकी भनक तक नहीं लगी और इसी दौरान ठग ने खाते से रकम पार कर दी।

**साइबर सेल की सलाह : एपीके फाइल से रहें सावधान-** साइबर सेल प्रभारी ने बताया कि साइबर ठग आरटीओ चालान, बिजली बिल, बैंक अपडेट या अन्य बहाने से लिंक भेजते हैं और लोगों को एपीके फाइल डाउनलोड करने के लिए प्रेरित करते हैं। ऐसी फाइलें मोबाइल को हैक कर सकती हैं।

उन्होंने नागरिकों को सलाह दी कि किसी भी अनजान लिंक या एपीके फाइल को डाउनलोड न करें। यदि गलती से डाउनलोड हो जाए तो तुरंत मोबाइल को एरोप्लेन मोड पर डाल दें, संबंधित एप को मैनेज एप सेटिंग में जाकर डिलीट करें और बैंक से संपर्क कर खाते को अस्थायी रूप से सीज करवाएं, ताकि आगे किसी भी प्रकार का वित्तीय नुकसान न हो।




### वृद्धाश्रम में स्वास्थ्य शिविर संपन्न

**अनोखा तीर, हरदा।** वृद्धाश्रम में आयुष विभाग एवं सामाजिक न्याय विभाग के समन्वय से गुरूवार को वरिष्ठजन के लिए हॉलिस्टिक वेल बींग कैंप का आयोजन किया गया। जिला आयुष अधिकारी डॉ. अनिल वर्मा ने बताया कि वृद्धाश्रम में डॉ. मोना सकवाया द्वारा वरिष्ठजनों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया एवं निशुल्क औषधि वितरित की गई। इसके साथ स्वस्थ रहने संबंधी सलाह भी दी गई तथा पर्सनल केयर किट प्रदाय की गयी। इस दौरान सामाजिक न्याय विभाग से स्टाफ श्रीमती लक्ष्मी चंदेरिया एवं प्रफुल्ल श्रीवास ने सहयोग प्रदान किया।

---

# 75 से बढ़कर 200 रुपए महीना हुआ जलकर

**- पुनर्विचार की उठी मांग**

**अनोखा तीर, हरदा।** हरदा नगर पालिका परिषद में प्रस्तावित जलकर वृद्धि को लेकर जनहित का मुद्दा गहराता जा रहा है। 29 अगस्त को आयोजित साधारण सम्मेलन में जलकर की मासिक दर 75 रुपये से बढ़ाकर 200 रुपये करने का निर्णय बहुमत से पारित किया गया था। अब इस फैसले पर पुनर्विचार की मांग तेज हो गई है। नगर पालिका परिषद के उपाध्यक्ष अंशुल गोयल ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी को पत्र लिखकर कहा है कि इस वृद्धि के बाद उन्हें आम नागरिकों और अपने वार्ड के निवासियों से लगातार आपत्तियां और असंतोष की प्रतिक्रियाएं मिल रही हैं। उनके मुताबिक जनभावनाओं की अनदेखी करना उचित नहीं है और परिषद को इस निर्णय पर दोबारा विचार करना चाहिए।

**100 से 120 रखने की मांग-** गोयल ने सुझाव दिया है कि जलकर की दर 75 रुपये से सीधे 200 रुपये करने के बजाय इसे 100 से 120 रुपये के बीच रखा जाए, ताकि आम लोगों पर एकमुश्त आर्थिक बोझ न पड़े। उनका तर्क है कि सीमित वृद्धि से नगर पालिका की वित्तीय जरूरतें भी आंशिक रूप से पूरी होंगी और जनता पर अचानक अतिरिक्त भार भी नहीं आएगा। उन्होंने बताया कि इस संबंध में 2 सितंबर 2025 को भी पत्र भेजा जा चुका है। मामले में कचरा संग्रहण शुल्क की बढ़ोतरी भी विवाद का कारण बनी हुई है। परिषद के निर्णय के अनुसार आवासीय संपत्तियों से 30 रुपये, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों से 100 रुपये और बड़े व्यावसायिक प्रतिष्ठानों से 2000 रुपये मासिक शुल्क तय किया गया था। हालांकि कुछ प्रतिष्ठानों से 3000 रुपये मासिक शुल्क वसूले जाने की शिकायतें सामने आई हैं, जो परिषद के निर्णय के विपरीत बताया जा रहा है। इससे संपत्ति कर में भी अप्रत्याशित बढ़ोतरी होने की बात कही जा रही है। इस मुद्दे पर कांग्रेस पार्षद अक्षत उपरीत ने भी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि उनकी पार्टी शुरू से ही जलकर वृद्धि के खिलाफ रही है। उनका आरोप है कि यह फैसला जनता के हितों के विपरीत है और महंगाई के दौर में आम नागरिकों पर अतिरिक्त आर्थिक दबाव डालता है।

## कलेक्टर ने आंगनवाड़ी का किया निरीक्षण

**अनोखा तीर, हरदा।** कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने गुरूवार को टिमरनी विकासखंड के छिदगांव मेल में आंगनवाड़ी केंद्र, आयुष औषधालय एवं शासकीय हाईस्कूल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होने आंगनवाड़ी में पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था करने के निर्देश दिए। साथ ही हाई स्कूल में परीक्षाओं के संचालन की जानकारी ली। एसडीएम संजीव नागू भी निरीक्षण के दौरान मौजूद थे।



## सार-समाचार

### विकासखंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित

**अनोखा तीर, टिमरनी।** मेरा युवा भारत जिला हरदा एवं युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में शासकीय महाविद्यालय टिमरनी परिसर में विकासखंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिला युवा अधिकारी श्रीमती मोनिका चौधरी ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शासकीय महाविद्यालय प्राचार्य डॉ.जेके जैन, डॉ.अरुण सिकरवार, डॉ.सुनीत काशिव, सुरेंद्र पटवा, सोनी सर एवं नितेश कनाथे उपस्थित रहे। अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। प्रतियोगिता के अंतर्गत खो-खो,



रस्साकशी, 100 मीटर एवं 200 मीटर दौड़ तथा गोला फेंक की स्पर्धाएं आयोजित की गईं। समापन अवसर पर मुख्य अतिथियों द्वारा विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को मेडल व ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया तथा आयोजक युवा मंडल को खेल सामग्री प्रदान की गई। खो-खो (बालक वर्ग) में विजेता टिमरनी ग्रुप तथा उपविजेता सोडलपुर टीम रही। खो-खो बालिका वर्ग में ग्राम कपासी टीम विजेता एवं भादूगांव टीम उपविजेता रही। 200 मीटर दौड़ बालक वर्ग में प्रथम रोहित उईके, द्वितीय मोनिस जलखरे एवं तृतीय प्रशांत भला रहे। गोला फेंक बालक वर्ग में प्रथम रोहित उईके, द्वितीय दुर्गेश काजले एवं तृतीय सुमित परसाई रहे। 100 मीटर दौड़ बालिका वर्ग में प्रथम करीना कुमरे, द्वितीय पार्वती बिछानिया एवं तृतीय निशा टेकाम रही। गोला फेंक बालिका वर्ग में प्रथम ऋषिका चौहान, द्वितीय पलक परते एवं तृतीय आरती विश्वकर्मा रही। प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका कुंदन कैथवास, प्रियंका चंदेल, करण रामटेक एवं दीपक गौर ने निभाई। कार्यक्रम का संचालन खुशियां युवा मंडल के मयंक शर्मा द्वारा किया गया तथा आभार प्रदर्शन ऋषभ वैरागी ने किया।

### आगामी त्यौहारों से पहले अवैध शराब पर पुलिस की सख्ती

**अनोखा तीर, हरदा।** आगामी त्यौहारों को शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से जिले में अवैध शराब के कारोबार पर पुलिस ने सख्त रुख अपनाया है। पुलिस अधीक्षक शशांक के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमित मिश्रा के मार्गदर्शन में विशेष अभियान चलाकर लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। आधिकारिक जानकारी के अनुसार जनवरी माह में अवैध शराब के विरुद्ध कुल 147 प्रकरण दर्ज कर लगभग 872 लीटर अवैध शराब जब्त की गई। वहीं फरवरी माह में अब तक 84 प्रकरण दर्ज कर करीब 498 लीटर अवैध शराब बरामद की जा चुकी है। ये आंकड़े दर्शाते हैं कि पुलिस ने त्यौहारों से पहले सक्रिय रणनीति अपनाते हुए जमीनी स्तर पर सघन कार्रवाई की है। पुलिस द्वारा संवेदनशील क्षेत्रों में अतिरिक्त निगरानी, नियमित पेट्रोलिंग, वाहन चेकिंग तथा मुखबिर तंत्र को सक्रिय कर विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। अधिकारियों के स्पष्ट निर्देश हैं कि त्यौहारों के दौरान किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा दोषियों के विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। पुलिस प्रशासन ने आम नागरिकों से भी सहयोग की अपील की है और अवैध शराब के निर्माण, परिवहन अथवा विक्रय की सूचना तत्काल पुलिस को देने का आग्रह किया है। सूचना देने वाले की पहचान पूर्णत: गोपनीय रखी जाएगी। त्यौहारों के मद्देनज़र पुलिस की यह सक्रियता न केवल कानून-व्यवस्था सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है, बल्कि आमजन में सुरक्षा, विश्वास और सकारात्मक माहौल स्थापित करने का भी प्रयास है।

### गौसेवा केवल धर्म नहीं, जीवन का सौभाग्य

**अनोखा तीर, भोपाल।** गौसेवा केवल धर्म नहीं, जीवन का सौभाग्य है। यह विचार पर्यावरण संस्कृति संरक्षण एवं मानव कल्याण ट्रस्ट के अध्यक्ष सुशील कुमार जैन ने साझा करते हुए भोपाल के अशोका गार्डन क्षेत्र में कार्यरत गौसेवक गोपाल सिंह परिहार की प्रेरक जीवन यात्रा के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सेवा बड़े आयोजनों का विषय नहीं, बल्कि वह रोजमर्रा की संवेदनाओं में जीवित रहती है। अशोका गार्डन स्थित नारंग अपार्टमेंट में चौकीदारी का कार्य करने वाले गोपाल सिंह परिहार इसी जीवंत सेवा भावना के प्रतीक हैं। मूलरूप से गुना जिले के पास स्थित बजरंगगढ़, जैन मंदिर क्षेत्र के निवासी गोपाल सिंह बचपन से ही गौसेवा की परंपरा में



पले-बढ़े। उनके दादाजी अमर सिंह के पास कभी 15-20 गायें थीं। उन गायों की देखभाल, उन्हें चराने ले जाना और सेवा करना उनकी दिनचर्या का अभिन्न हिस्सा था। वही संस्कार आज भी उनके जीवन का आधार हैं। करीब 30 वर्ष पूर्व वे रोजगार की तलाश में भोपाल आए। वर्तमान में वे अशोका गार्डन क्षेत्र में चौकीदार की जिम्मेदारी निभा रहे हैं, लेकिन उनकी असली पहचान गौभक्ति और सेवा से जुड़ी है। दिनभर की ड्यूटी के बाद भी उनका सेवा भाव थमता नहीं। रात के समय वे आसपास से बची हुई सब्जियां और हरी सामग्री एकत्रित कर उन्हें स्वच्छ करते हैं और गौमाता को अर्पित करते हैं। वे मानते हैं कि गौसेवा केवल धर्म नहीं, जीवन का सौभाग्य है। उनकी सेवा का सबसे भावुक पक्ष यह है कि कई बार सड़क पर रहने वाली गायें स्वयं उनके घर के भीतर तक आ जाती हैं, मानो उन्हें पता हो कि यहां स्नेह और अपनापन मिलेगा। गोपाल सिंह उन्हें स्नेहपूर्वक स्पर्श करते हैं, उनकी मालिश करते हैं और जब तक वे संतुष्ट न हो जाएं, तब तक उनका साथ नहीं छोड़ते। गायें भी उनका स्पर्श पाकर शांत भाव से लौट जाती हैं। गौसेवा के इस सतत संकल्प ने उन्हें न केवल समाज में सम्मान दिलाया है, बल्कि वे स्वयं भी स्वस्थ और निरोगी जीवन जी रहे हैं। उनका विश्वास है कि सेवा से तन और मन दोनों पवित्र होते हैं। चौकीदारी की साधारण नौकरी के साथ असाधारण सेवा का यह संगम समाज के लिए प्रेरणा है। गोपाल सिंह परिहार यह सिद्ध करते हैं कि सेवा के लिए न बड़े साधन चाहिए, न बड़ा मंच—केवल सच्चा समर्पण चाहिए। यह कहानी बताती है कि सच्ची भक्ति वही है, जो कर्तव्य और करुणा के साथ जीवन में उतर आए।

## भुआणा के गुर्जर संतों के सम्मान में निकली 'गुर्जर जन चेतना यात्रा' का समापन






**अनोखा तीर, हरदा।** भुआणा क्षेत्र के गुर्जर संतों के सम्मान में आयोजित तीन दिवसीय गुर्जर जन चेतना यात्रा का समापन पावन स्थल राम जी बाबा में श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। यह आयोजन भुआणा गुर्जर महासभा हरदा-नयाखेड़ा के संरक्षण में तथा भुआणा प्रांतीय गुर्जर युवा सभा हरदा के अध्यक्ष संजय बिजगाने एवं नया खेड़ा अध्यक्ष रामविलास चौधरी के नेतृत्व में आयोजित किया गया। यात्रा का शुभारंभ संत श्री बुखारदास बाबा की तपोभूमि छनेरा से ध्वज पूजन (निशान), विधिवत पूजा-अर्चना तथा भगवान देवनारायण एवं संतों के पदचिह्नों की शोभायात्रा रथ पूजन के साथ किया गया। तीन दिनों तक चली इस वाहन यात्रा ने छनेरा, खिरकिया, संत श्री कालू बाबा उड़ा हरदा, संत श्री कान्हा बाबा सोडलपुर टिमरनी, रहटगांव, सिवनीमालवा सहित आसपास के क्षेत्रों में पहुंचकर संतों के जीवन, त्याग, सेवा और समाज सुधार के संदेशों का प्रसार किया। यात्रा का आध्यात्मिक उद्देश्य गुर्जर संतों की तपोभूमि और उनके आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाना तथा समाज में नवचेतना लाना रहा। इसके माध्यम से युवाओं को आदर्शों का जीवन परिचय कराना, सामाजिक संगठन व्यवस्था को सुदृढ़ करना, नशामुक्त समाज की परिकल्पना को बढ़ावा देना और संस्कारवान समाज के आयामों पर कार्य करने का संदेश दिया गया। मार्ग में भुआणा गुर्जर ग्रामों में जगह-जगह सामाजिक बंधुओं एवं मातृशक्ति द्वारा भव्य स्वागत, सत्संग, भजन-कीर्तन, प्रवचन और सामूहिक भंडारे का आयोजन किया गया। सामाजिक एकता और जागरूकता के संदेश के साथ यह यात्रा समाज के विभिन्न वर्गों युवा, महिलाएं, बुजुर्ग और सामाजिक संगठनों को एक सूत्र में पिरोने का माध्यम बनी। समापन समारोह संत श्री रामदास जी स्वामी की नगरी नर्मदापुरम में आयोजित हुआ, जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। कार्यक्रम में भुआणा गुर्जर समाज की नवयुवक संस्थाओं, गुर्जर महिला मंडल छनेरा, खिरकिया, हरदा, टिमरनी, रहटगांव, सिवनीमालवा, मंगल भवन समितियों, गुर्जर ग्राम विकास समिति एवं गुर्जर ग्राम महिला मंडल सहित अनेक सामाजिक संगठनों का सराहनीय सहयोग रहा। भुआणा के समस्त सामाजिक बंधुओं एवं मातृशक्ति ने यात्रा के स्वागत, अतिथि सत्कार और व्यवस्थाओं में सक्रिय भूमिका निभाई। यात्रा संयोजक युवा सभा सचिव नीरज गुर्जर (खोरे) एवं युवा संगठन मंत्री हरदा गुर्जर वैभव पाटिल ने समस्त सामाजिक बंधुओं के प्रति आभार व्यक्त किया। गुर्जर जन चेतना यात्रा केवल एक धार्मिक आयोजन न होकर सामाजिक चेतना, संगठन और सांस्कृतिक गौरव का प्रतीक बनकर उभरी।

# ग्राम जात्राखेड़ी में परचरी पुराण कथा का भावपूर्ण समापन




**अनोखा तीर, सिराली।**

समीपस्थ ग्राम जात्राखेड़ी में आयोजित संत शिरोमणि संत सिंगाजी महाराज की परचरी पुराण कथा का विश्राम दिवस श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ संपन्न हुआ। कथा के अंतिम दिवस बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और पूरा वातावरण भक्तिरस से सराबोर रहा। मंडलेश्वर से पधारी निमाड़ की सुप्रसिद्ध कथावाचिका चेतना भारती ने अपने प्रवचनों में आत्मा, परमात्मा और जीवन के वास्तविक उद्देश्य पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि स्थूल शरीर के भीतर सूक्ष्म एवं कारण शरीर विद्यमान है और उसी कारण शरीर में बीज रूप में परमात्मा प्रत्येक जीव में सत्य, चित्त और आनंद स्वरूप विराजमान हैं। उन्होंने कहा कि माया के प्रभाव में आकर जीव अपने वास्तविक स्वरूप को भूल जाता है और 84 लाख योनियों में भटकता रहता है। किंतु जब वह अपने निज स्वरूप को पहचान लेता है, तब ब्रह्ममय होकर परम आनंद की प्राप्ति करता है। जिस प्रकार सरिता स्वतः सागर की ओर प्रवाहित होती है, उसी प्रकार जीव भी आनंद और प्रकाश की ओर अग्रसर होता है, परंतु गुरु के अभाव में वह क्षणभंगुर सांसारिक सुखों में उलझा रहता है। दीदी ने संतों के अवतरण का उद्देश्य बताते हुए कहा कि संत मानव को यह स्मरण कराते हैं कि सांसारिक दुखों और क्षणिक सुखों से परे भी एक नित्य आनंदमय जगत



है, जो आत्मस्वरूप की अनुभूति से प्राप्त होता है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि जब तक जीव गौतम बुद्ध, कबीर और संत सिंगाजी महाराज की तरह स्वयं को पहचान नहीं लेता, तब तक जन्म-मरण का चक्र चलता रहता है। कथा पूर्णाहुति के अवसर पर चेतना भारती ने आयोजक परिवार, समस्त ग्रामवासियों एवं श्रोताओं को शुभाशीष प्रदान किए। कथा के सफल आयोजन में सहयोग देने वाले सभी कार्यकर्ताओं एवं व्यवस्था संभालने वाले भाइयों को साधुवाद दिया गया। कथा के समापन पर श्रद्धालुओं ने संत सिंगाजी महाराज के जयकारों के साथ भावपूर्ण विदाई दी।

# नहरों का संचालन 15 मार्च तक बढ़ाने की मांग

### किसानों के हित में जिला कांग्रेस कमेटी ने उठाई आवाज

**अनोखा तीर, हरदा।** जिले में रबी सीजन के दौरान मक्के की फसल को पर्याप्त सिंचाई उपलब्ध कराने के लिए जिला कांग्रेस कमेटी ने नहरों के संचालन की समयावधि 15 मार्च 2026 तक बढ़ाने की मांग की है। इस संबंध में अधिकारियों को ज्ञापन सौंपकर किसानों के हित में शीघ्र निर्णय लेने का आग्रह किया गया है। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि हरदा जिला एक प्रमुख कृषि प्रधान जिला है, जहां वर्तमान सीजन में किसानों द्वारा मक्के की सर्वाधिक बोनी की गई है। मक्के की फसल की प्रकृति एवं बेहतर उत्पादन के लिए कम से कम आठ बार सिंचाई आवश्यक होती है। वर्तमान में फसल पकने की अवस्था में है। ऐसे में यदि नहरों से पानी की आपूर्ति समय से पूर्व बंद कर दी जाती है तो फसलें सूखने का खतरा बढ़ जाएगा, जिससे किसानों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है। जिला कांग्रेस कमेटी ने मांग की है कि नहरों के संचालन की अंतिम तिथि बढ़ाकर 15 मार्च की जाए तथा टेल (अंतिम छोर) तक के किसानों को पर्याप्त पानी उपलब्ध कराया जाए, ताकि किसी भी किसान को सिंचाई से वंचित न रहना पड़े। ज्ञापन में यह भी आग्रह किया गया है कि किसानों की जायज मांग को स्वीकार करते हुए संबंधित विभाग-नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण एवं सिंचाई विभाग को तत्काल निर्देशित किया जाए। साथ ही चेतावनी दी गई है कि यदि समय रहते पानी की अवधि नहीं बढ़ाई गई तो जिला कांग्रेस कमेटी किसानों के हितों की रक्षा के लिए आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी।

## सुरक्षित होली मनाएं

### बिजली ट्रांसफार्मर के नीचे या पोल के पास होली न जलाएं

**अनोखा तीर, हरदा।**

मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने विद्युत उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे होलिका दहन के पर्व पर विद्युत सुरक्षा एवं सावधानियां रखकर सुरक्षित होली मनाएं। कंपनी ने सभी लोगों से अपील की है कि वे बिजली लाइन के नीचे, ट्रांसफार्मर के नीचे या पोल के आसपास होली न जलाएं, क्योंकि इससे तार अथवा विद्युत उपकरण पिघल सकते हैं और दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है। देखते ही देखते छोटी सी असावधानी बड़ी दुर्घटना का रूप ले सकती है। कंपनी ने नागरिकों ने अनुरोध किया कि वे होलिका दहन का कार्यक्रम बिजली लाइनों के नीचे व आसपास न करें। कंपनी ने मिठाई, मूर्तियां, रंग-गुलाल, पूजन सामग्री आदि की दुकानें एवं होली पर्व से जुड़ी अन्य सामग्री के विक्रय हेतु लगाए जाने वाली अस्थाई दुकानों के प्रकाश व्यवस्था हेतु व्यापारी बंधुओं से अनुरोध किया है कि वे नियमानुसार अस्थाई कनेक्शन लेकर ही बिजली का उपयोग करें। कंपनी ने कहा है कि होली पर्व पर अस्थाई दुकानों की स्थापना, बिजली ट्रांसफार्मरों एवं बिजली की लाइनों से सुरक्षित दूरी बनाकर ही स्थापित करें ताकि विद्युत दुर्घटनाओं से बचा जा सके। कंपनी ने सभी विद्युत उपभोक्ताओं से कहा है कि वैधानिक कनेक्शन लेकर ही बिजली का उपयोग करें। कंपनी ने कहा है कि बिजली के अनधिकृत उपयोग के मामले पकड़ने तथा भार वृद्धि अथवा स्वीकृत प्रयोजन के स्थान पर अन्य किसी प्रयोजन के लिए विद्युत उपभोग करते पाए जाने पर विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135, 138 के अंतर्गत कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

### हेल्प लाईन नंबर

| | |
|---|---|
| सीएम हेल्प लाईन | 181 |
| पुलिस | 112 |
| फायर बिग्रेड | 101 |
| एम्बुलेन्स | 108 |
| चाईल्ड हेल्प लाईन | 1098 |
| किसान कॉल सेंटर | 18001801551 |
| विद्युत शिकायत | 18002331912 |
| विद्युत सेवा | 1912 |
| पशु सेवा | 1962 |
| पुलिस सेवा | 112-100 |
| अग्नि सेवा | 101 |
| एम्बुलेन्स सेवा | 102 |
| यातायात पुलिस | 103 |
| आपदा प्रबंधन | 108 |
| चाईल्ड लाईन | 1098 |
| रेलवे पूछताछ | 139 |
| भ्रष्टाचार विरोधी | 1031 |
| रेल दुर्घटना | 1072 |
| सड़क दुर्घटना | 1073 |
| सीएम सहायता लाईन | 1076 |
| क्राईम सटायर | 1090 |
| महिला सहायता | 1091 |
| पृथ्वी भूकंप | 1092 |
| बाल शोषण सहायता | 1098 |
| किसान कॉल सेंटर | 1098 |
| नागरिक कॉल सेंटर | 155300 |

### कार्यालय परिसमापक सहकारी संस्थाऐं, जिला-हरदा
### स्थान कार्यालय सहायक पंजीयक, सहकारी संस्थाऐं, हरदा
### पता:- कार्यालय कलेक्टर परिसर द्वितीय तल जिला-हरदा

क्रमांक/परिसमापन/2026/क्यू    दिनांक 26/02/2026

### साधारण सभा की सूचना

निम्नलिखित सहकारी संस्थाओं को कार्यालय सहायक पंजीयक सहकारी संस्थाऐं, जिला हरदा द्वारा उनके नाम के सम्मुख दर्शित आदेशों के द्वारा परिसमापन में लाया गया एवं संस्था की देनदारियॉ/लेनदारियॉ के निपटारे हेतु म.प्र. राज पत्र सूचना का प्रकाशन कराया जाकर दावे/आपत्ति आमंत्रित किये गए। कार्यालय में उपलब्ध दस्तावेजों/रिकार्ड के आधार पर उक्त संस्थाओं के किसी भी सदस्य के द्वारा दावे आपत्ति प्रस्तुत नहीं किये गये।

| क्र. | परि. संस्था का नाम | पंजीयन क्रमांक व दिनांक | परिसमापन आदेश क्रमांक व दिनांक | आमसभा का दिनांक व समय | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | अशोक बांस उद्योग सहकारी संस्था मर्यादित सोडलपुर | 1964/10.05.66 | 677/18.11.2005 | 12.03.2006 | |
| 2 | श्री राम कृषि आदान निर्माण तथा प्रदाय असाख सहकारी संस्था मर्यादित हरदा | 310/15.11.2002 | 677/18.11.2025 | 12.03.2006 | |
| 3 | जय भारती बलराम साख सहकारी संस्था मर्यादित हरदा | 278/01.07.2002 | 677/18.11.2025 | 12.03.2026 | |
| 4 | तिलहन उत्पादक सहकारी समिति मर्यादित पोखरनी | 2196/30.07.83 | 677/18.11.2005 | 12.03.2026 | |
| 5 | तिलहन उत्पादक सहकारी समिति मर्यादित कुकरावद | 2265/30.07.83 | 677/18.11.2025 | 12.03.2026 | |
| 6 | तिलहन उत्पादक सहकारी समिति मर्यादित टेमागांव | 2215/26.09.1983 | 677/18.11.2025 | 12.03.2026 | |
| 7 | तिलहन उत्पादक सहकारी समिति मर्यादित नीमाचाकला | 2366/26.09.1997 | 677/18.112025 | 12.03.2006 | |
| 8 | तिलहन उत्पादक सहकारी समिति मर्यादित दुधकच्छ | 2205/23.05.1983 | 677/18.11.2025 | 12.03.2025 | |
| 9 | दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति मर्यादित जिनवानिया | 73/16.12.2002 | 677/18.11 2025 | 12.03.2026 | |
| 10 | दूध उत्पादक सहकारी समिति मर्यादित आमासेल | 142/07.01.1983 | 677/18.11.2005 | 12.03.2026 | |
| 11 | दुग्ध उत्पादक सहकारी मर्यादित फुलड़ी | 2165/22.01.1983 | 677/18.11.2025 | 12.03.2026 | |
| 12 | सदाबहार मत्स्योद्योग सहकारी समिति मर्यादित सिरालिया | 172/09.11.2010 | 677/18.11.2025 | 12.03.2026 | |
| 13 | नारायणी बीज उत्पादक सहकारी संस्था मर्यादित रन्हाईकला | 44/27.09.2003 | 677/18.11.2025 | 12.03.2026 | |
| 14 | श्री महालक्ष्मी बीज उत्पादक सहकारी संस्था मर्यादित पिड़गांव | 345/10.03.2010 | 677/18.11.2025 | 12.03.2026 | |
| 15 | आदिवासी सामूहिक कृषि साख सहकारी संस्था मर्यादित नीमखेड़ा | 1704/21.01.1965 | 677/18.11.2025 | 12.03.2026 | |
| 16 | तिलहन उत्पादक सहकारी समिति मर्यादित सौताड़ा | 2320/14.10.1991 | 745/22.12.2025 | 12.03.2026 | |
| 17 | किसान क्रय-विक्रय विपणन सहकारी समिति मर्यादित हरदा | 98/08.07.2003 | 745/22.12.2025 | 12.03.2026 | |
| 18 | नर्मदा बीज उत्पादक सहकारी समिति मर्यादित हरदा | 09/31.08.2002 | 745/22.12.2025 | 12.03.2026 | |
| 19 | अरूराज बीज उत्पादक सहकारी समिति मर्यादित भुवनखेड़ी | 248/02.11.2016 | 745/22.12.2025 | 12.03.2026 | |
| 20 | सामान्य मत्स्योद्योग सहकारी समिति मर्यादित हीरापुर | 149/07.01.2008 | 745/22.12.2025 | 12.03.2026 | |
| 21 | दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति मर्यादित कमताड़ा | 155/28.08.2008 | 745/22.12.2025 | 12.03.2026 | |
| 22 | आदर्श मत्स्य सहकारी संस्था मर्यादित कायागांव | 17/07.04.2001 | 745/22.12.2025 | 12.03.2026 | |

कार्यालय सहायक पंजीयक सहकारी संस्थाऐं जिला हरदा के संशोधित आदेश क्रं./परिसमापन/2025/677 दिनांक 18.11.2025 एवं संशोधित आदेश क्रं./परिसमापन/2025/745 दिनांक 22.12.2025 के द्वारा अधोहस्ताक्षरकर्ता को उपरोक्तानुसार संस्थाओं की देनदारियों/लेनदारियों का निराकरण करने उपरांत संस्था का पंजीयन निरस्त कराने हेतु परिसमापक नियुक्त किया गया है। अतः अब पंजीयन निरस्ती की कार्यवाही की जाना है। उपरोक्त समस्त संस्थाओं के सदस्यों की साधारण सभा म.प्र. सहकारी सोसायटी नियम 1962 के नियम 57 के अंतर्गत दिनांक 10.03.2026 को स्थान कार्यालय सहायक पंजीयक सहकारी संस्थाऐं हरदा में कॉलम 05 में दर्शित दिनांक एवं नियत समय पर किया जाना निर्धारित किया गया है। जिसमें निम्न विषयों पर विचार किया जावेगा।

गणपूर्ति के अभाव में साधारण सभा स्थगित की जाकर उसी स्थान पर निर्धारित समय से आधा घण्टा पश्चात होगी, जिसमें गणपूर्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

**विषय सूची :-**

1. संस्था की परिसमापन की कार्यवाही एवं उसके परिणामों के संक्षिप्त विवरण पर विचार करना।
2. संस्था की अंतिम स्थिति विवरण पत्रक का अवलोकन एवं अनुमोदन करना।
3. संस्था का पंजीयन निरस्त करने की कार्यवाही पर विचार करना।

**मानसी जायसवाल**
**सहकारी निरीक्षक एवं परिसमापक**
**सहकारी संस्थाऐं जिला-हरदा**

## नवीन आबकारी नीति के तहत शराब दुकानों की नीलामी 27 फरवरी से

**अनोखा तीर, हरदा।** नवीन आबकारी नीति वर्ष 2026-27 के अनुसार हरदा जिले में वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए मदिरा दुकानों के निष्पादन की प्रक्रिया शुरू होने जा रही है। कलेक्टर सिद्धार्थ जैन के निर्देशानुसार, जिले की 18 कम्पोजिट मदिरा दुकानों को 5 समूहों में बांटकर ई-टेंडर के माध्यम से नीलाम किया जाएगा। यह कार्यवाही 27 फरवरी से 07 मार्च 2026 तक तीन चरणों में संपन्न होगी। जिला आबकारी अधिकारी सुनील भोजने ने बताया कि सभी 5 समूहों का आरक्षित मूल्य 144 करोड़ 29 लाख 75 हजार 201 रुपए है जो कि वर्तमान वित्तीय वर्ष 2025-26 के मुकाबले 20 प्रतिशत अधिक है। जिला आबकारी अधिकारी श्री भोजने बताया कि ई-टेण्डर से निष्पादन के लिये जारी कार्यक्रम अनुसार ऑनलाइन टेंडर प्रपत्र डाउनलोड व ऑफर सबमिट करने की तिथि 27 फरवरी 2026 से 2 मार्च 2026 तक प्रथम चरण का प्रथम बेच रहेगा। इसी प्रकार 3 मार्च से 5 मार्च 2026 तक प्रथम चरण के दूसरे बेच की ई-टेंडर की प्रक्रिया संपन्न होगी।

# संपादकीय

# बढ़ते हादसे और गिरता भरोसा...



झारखंड में चतरा जिले के कर्माटाड जंगल में सोमवार शाम एक चार्टर्ड एअर एंबुलेंस के हादसे का शिकार होने और उसमें सभी सात लोगों की मौत ने एक बार फिर इस सवाल को गहरा किया है कि क्या दिनोंदिन विमान सेवाएं असुरक्षित होती जा रही हैं। गौरतलब है कि एक मरीज और उनके परिजनों को दिल्ली ले जा रही एअर एंबुलेंस मौसम खराब होने की वजह से मार्ग बदलने की कोशिश कर रही थी। मगर थोड़ी देर बाद यह विमान रडार से गायब हो गया और कुछ समय बाद उसका मलबा घने जंगल में मिला।

यह हादसा पिछले कुछ समय से लगातार सामने आ रही वैसी घटनाओं की एक कड़ी है, जिनसे विमान यात्रा के पूरी तरह सुरक्षित होने की धारणा कमजोर होती है। झारखंड में हुए हादसे के अगले ही दिन मंगलवार को दिल्ली से लेह जा रही स्पाइसजेट की एक उड़ान को तकनीकी खराबी के कारण वापस उतारना पड़ा।

इसके अलावा, सरकारी कंपनी पवन हंस के एक हेलिकाप्टर को अंडमान क्षेत्र में उड़ान के दौरान तकनीकी कारणों से समुद्र में आपात अवस्था में उतारना पड़ा। गनीमत रही कि इसमें सवार सभी सात लोगों को बचा लिया गया। दो दिन के भीतर होने वाली ये घटनाएं बताती हैं कि हाल के वर्षों में यात्रा के एक बेहतर विकल्प के रूप में उभर रही विमान सेवा अब कई स्तर पर जोखिम से गुजर रही है। जबकि विमान यात्रा को कहीं आने-जाने का सबसे सुरक्षित जरिया माना जाता रहा है।

आखिर क्या वजह है कि पिछले कुछ समय से लगातार विमानों के हादसे का शिकार होने से लेकर उड़ान के बाद तकनीकी खराबी के कारण वापस उतारने की घटनाओं में बढ़ोतरी हो रही है? विमान सेवाओं के मामले में एक आम स्थिति यह है कि समय-समय पर तकनीकी स्तर पर हर पहलू से उच्च स्तरीय जांच होती है और हर कसौटी पर खरा उतरने के बाद ही उसे उड़ान के लिए तैयार माना जाता है।

हर उड़ान के पहले सुरक्षा जांच की एक सघन प्रक्रिया पूरी की जाती है, ताकि बीच रास्ते में कोई अड़चन न आए। मगर हाल के समय में कई विमानों की उड़ान के बाद रास्ते में तकनीकी खराबी का पता चलने पर वापस उतारने की घटनाएं यह बताती हैं कि या तो तकनीकी स्तर पर उसमें कोई खराबी थी या फिर सुरक्षा जांच में किसी स्तर पर कमी की गई। इसी महीने के शुरू में सरकार ने लोकसभा में बताया था कि भारतीय विमान सेवा के जिन विमानों की तकनीकी जांच हुई, उनमें से लगभग आधे में बार-बार खराबी पाई गई।

इस क्रम में पिछले वर्ष जनवरी से छह बड़ी एअरलाइंस के 754 विमानों का विश्लेषण किया गया, जिनमें से 377 में बार-बार खामी आने की बात सामने आई। सवाल है कि इन विमानों में जो गड़बड़ियां पाई गईं, वे कितनी संवेदनशील थीं और उनसे पैदा होने वाले जोखिम का स्तर क्या था। अगर किसी तकनीकी खामी को नजरअंदाज करके या उसे सुरक्षा से संबंधित नहीं मान कर उड़ान की इजाजत दी जाती है, तो अक्सर ऐसी घटनाएं क्यों सामने आ रही हैं कि किसी तकनीकी खराबी की वजह से विमान को बीच सफर से आपात स्थिति में वापस उतारा गया? विमान यात्रा को सबसे सुरक्षित जरूर माना जाता है, लेकिन इसकी सुरक्षा से जुड़े हर पहलू बेहद संवेदनशील भी होते हैं। इसमें किसी भी स्तर पर अनदेखी, कोताही या खराबी की आशंका के बावजूद उड़ान की इजाजत देने के गंभीर और त्रासद नतीजे सामने आ सकते हैं।

### मप्र, राज्य मिलेट मिशन...

## ग्राम पाटालदा में एक दिवसीय मिलेट मेला आयोजित

**अनोखा तीर, हरदा।** मध्यप्रदेश शासन द्वारा संचालित मध्यप्रदेश राज्य मिलेट मिशन योजना अंतर्गत एक दिवसीय मिलेट मेले का आयोजन कलेक्टर सिद्धार्थ जैन के निर्देशन में विकासखंड खिरकिया, तहसील सिराली के ग्राम पाटालदा में 26 फरवरी को किया गया। मिलेट मेला कार्यक्रम में कृषि एवं संबद्ध विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा कृषकों को विभागीय योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई। साथ ही नरवाई प्रबंधन, मिलेट कृषि तथा प्राकृतिक/जैविक खेती के संबंध में विस्तृत मार्गदर्शन दिया गया। कार्यक्रम के दौरान किसानों को नरवाई नहीं जलाने, प्राकृतिक/जैविक कृषि अपनाने तथा मिलेट फसलों के उत्पादन को बढ़ावा देने की शपथ भी दिलाई गई। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष गजेंद्र शाह, जिला पंचायत उपाध्यक्ष दर्शन सिंह गहलोत, जनपद अध्यक्ष श्रीमती रानू दशरथ पटेल, जिला पंचायत सदस्य सह सभापति लोक निर्माण विभाग कमलेश सेजकर, जिला पंचायत सदस्य सत्यनारायण सुचार, गणेश काजले, सरपंच ग्राम पाटालदा नागू पटेल, विधायक प्रतिनिधि खिरकिया दशरथ पटेल, अन्य सरपंच एवं उपसरपंच प्रतिनिधि उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सुश्री शिवांगी बघेल, उप संचालक कृषि जे. एल. कास्दे, कृषि वैज्ञानिक डॉ. मुकेश बांकोलिया, सहायक संचालक उद्यानिकी विजय सिंह, उप परियोजना संचालक आत्मा अखिलेश पटेल, कृषि अभियांत्रिकी उपयंत्री सचिन गजेंद्र सहित कृषि एवं संबद्ध विभाग के अधिकारी–कर्मचारी मौजूद रहे। मिलेट मेले में कृषि एवं कृषि से संबद्ध विभागों तथा उन्नतशील/प्रगतिशील कृषकों आनंद यादव, नन्हेलाल भाटी और मालाकार द्वारा स्टॉल लगाकर किसानों को विभिन्न योजनाओं एवं आधुनिक तकनीकों की जानकारी दी गई।

## जिला अस्पताल के शिशु वार्ड में 50 नवजातों को मिली बेबी किट

**अनोखा तीर, बैतूल।** नगर के महावीर इंटरनेशनल संकल्प द्वारा स्थानीय जिला शासकीय चिकित्सालय के शिशु वार्ड में बेबी किट वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस सेवा पहल के अंतर्गत नवजात शिशुओं की माताओं को कुल 50



बेबी किट वितरित की गईं। कार्यक्रम का उद्देश्य जरूरतमंद परिवारों के नवजात बच्चों को संक्रमण से बचाव में सहयोग देना और उनके जीवन के इस महत्वपूर्ण क्षण में सहारा प्रदान करना रहा। किट प्राप्त करने के बाद माताओं के चेहरों पर दिखाई दी खुशी ने कार्यक्रम को सार्थक बना दिया। इस अवसर पर जोन चेयरमैन श्रीमती जूली रंका, जोन ट्रेज़रर श्रीमती सपना पगारिया, सेंटर चेयरमैन श्रीमती अंशु पगारिया, सेंटर सेक्रेटरी श्रीमती करुणा गर्ग, श्रीमती राजुल शाह सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। संस्था ने समाज सेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए भविष्य में भी ऐसे कार्य जारी रखने की बात कही।

# मध्य प्रदेश: अन्नदाता के खेत खलिहान में भरोसे और समृद्धि की फसल

**मुख्यमंत्री मोहन यादव ने क्षेत्र-विशेष आधारित विकास पर जोर दिया है, जिससे योजनाएँ अधिक प्रभावी बन सकें। जल प्रबंधन की दिशा में पर ड्रॉप मोर क्रॉप घटक के लिए 2393 करोड़ 97 लाख रुपए का प्रावधान किया गया है। निस्संदेह यह भविष्य की खेती को सुरक्षित करने की पहल है। पानी अब केवल संसाधन नहीं, बल्कि रणनीतिक पूंजी है। सूक्ष्म सिंचाई तकनीकों को बढ़ावा देकर जल उपयोग दक्षता बढ़ाई जा सकती है।**



-पवन वर्मा

किसानों को राष्ट्र का अन्नदाता और भाग्य विधाता कहा जाता है। इस अन्नदाता की उन्नति, आय दोगुनी करने को लेकर देश के हर राज्य की सरकार अपने-अपने दावे करती हैं और समय-समय पर कई योजनाएं भी लाती रही है, लेकिन फिर भी देश के अधिकतर राज्यों में किसानों की दशा बहुत बेहतर नहीं कही जा सकती है। मध्य प्रदेश में अब किसानों की स्थिति संभालने और उन्हें प्रदेश के प्रगति पथ से जोड़ने के लिए वर्ष 2026 को किसान कल्याण वर्ष मनाने का निर्णय हुआ है। पहले तो यह लग रहा था कि यह घोषणा महज औपचारिक होगी, लेकिन एक माह के भीतर मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव की सरकार ने जो संकेत दिए है वह किसानों की कल्याण नीति की दिशा के स्पष्ट संदेश दिख रहे हैं।

हाल ही में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश सरकार ने लगभग 10 हजार 500 करोड़ रुपए की पाँच प्रमुख कृषि योजनाओं को वर्ष 2026 से 2031 तक जारी रखने की रूपरेखा तय की। यह रूपरेखा यह बताती है कि खेती को राज्य की विकास धारा के केंद्र में रखा गया है। यह वह समय है जब कृषि क्षेत्र को स्थिरता, स्पष्टता और निरंतर सहयोग की सबसे अधिक आवश्यकता है और राज्य ने उसी दिशा में कदम बढ़ाया है।

कृषि आज बहुस्तरीय दबावों से गुजर रही है। उत्पादन लागत में वृद्धि, जलवायु परिवर्तन का असर, वर्षा की अनिश्चितता और बाजार मूल्य में उतार-चढ़ाव। ये सभी कारक किसान की आय को प्रभावित करते हैं। ऐसे दौर में योजनाओं की पाँच वर्षीय निरंतरता से निश्चित ही किसानों को एक भरोसा मिलेगा कि नीतियाँ बीच राह में नहीं बदलेंगी। मुख्यमंत्री मोहन यादव की प्राथमिकताओं में कृषि को दीर्घकालिक स्थिरता देना प्रमुख रूप से दिखाई देता है।

प्रधानमंत्री राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के तहत 2008 करोड़ 683 लाख रुपए से अधिक की राशि कृषि और संबद्ध क्षेत्रों में समग्र सुधार की दिशा में महत्वपूर्ण है। इस योजना का उद्देश्य स्थानीय जरूरतों के अनुरूप परियोजनाएँ तैयार करना है। मध्यप्रदेश जैसे विशाल और विविध भूगोल वाले राज्य में क्षेत्रीय रणनीति आवश्यक है। कहीं सिंचाई विस्तार की जरूरत है, कहीं बीज गुणवत्ता सुधार की, तो कहीं प्रसंस्करण और भंडारण ढांचे की।

मुख्यमंत्री मोहन यादव ने क्षेत्र-विशेष आधारित विकास पर जोर दिया है, जिससे योजनाएँ अधिक प्रभावी बन सकें। जल प्रबंधन की दिशा में पर ड्रॉप मोर क्रॉप घटक के लिए 2393 करोड़ 97 लाख रुपए का प्रावधान किया गया है। निस्संदेह यह भविष्य की खेती को सुरक्षित करने की पहल है। पानी अब केवल संसाधन नहीं, बल्कि रणनीतिक पूंजी है। सूक्ष्म सिंचाई तकनीकों को बढ़ावा देकर जल उपयोग दक्षता बढ़ाई जा सकती है। ड्रिप और स्प्रिंकलर पद्धति से कम पानी में अधिक उत्पादन संभव है। मुख्यमंत्री मोहन यादव द्वारा जल संरक्षण को प्राथमिकता देना यह संकेत देता है कि खेती को मौसम की अनिश्चितता से बचाने के लिए दीर्घकालिक उपाय किए जा रहे हैं।

राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा एवं पोषण मिशन के लिए 3285 करोड़ 49 लाख रुपए का प्रावधान फसल विविधीकरण और पोषण सुरक्षा दोनों को सशक्त करेगा। दलहन, धान, गेहूँ, श्रीअन्न और व्यावसायिक फसलों के क्षेत्र और उत्पादकता में वृद्धि से किसान को आय के अधिक विकल्प मिलेंगे। श्रीअन्न जैसे पोषक अनाजों को बढ़ावा देना न केवल बाजार की मांग से जुड़ा है, बल्कि जनस्वास्थ्य के दृष्टिकोण से भी महत्वपूर्ण है। मुख्यमंत्री मोहन यादव की नीति में उत्पादन और पोषण का यह संतुलन स्पष्ट दिखाई देता है।

प्राकृतिक खेती की ओर 1011 करोड़ 59 लाख रुपए का निवेश कृषि को टिकाऊ और पर्यावरण अनुकूल बनाने की दिशा में ठोस कदम है। रसायनों पर निर्भरता कम करना, मिट्टी की सेहत सुधारना और जैव विविधता को बढ़ावा देना भविष्य की खेती का आधार है। प्राकृतिक खेती से लागत में कमी आ सकती है, जो छोटे किसानों के लिए राहतकारी होगी। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने बार-बार इस बात पर जोर दिया है कि खेती केवल उत्पादन नहीं, बल्कि पर्यावरणीय संतुलन से भी जुड़ी है।

तिलहन क्षेत्र में 1793 करोड़ 87 लाख रुपए से अधिक का प्रावधान आत्मनिर्भरता की दिशा में महत्वपूर्ण संकेत है। खाद्य तेल आयात पर निर्भरता कम करना राष्ट्रीय आवश्यकता है। मध्यप्रदेश पहले से सोयाबीन और सरसों उत्पादन में अग्रणी है। यदि तकनीक, बीज और बाजार सुविधा का समुचित समन्वय हो, तो यह क्षेत्र किसानों की आय में उल्लेखनीय वृद्धि कर सकता है। मुख्यमंत्री मोहन यादव के नेतृत्व में तिलहन उत्पादन को भी रणनीतिक महत्व दिया जा रहा है।

सरसों उत्पादकों के लिए भावांतर योजना के अंतर्गत मूल्य अंतर की राशि सीधे बैंक खातों में डीबीटी के माध्यम से दी जाएगी। 23 मार्च से 30 मई 2026 तक अधिसूचित मंडियों में विक्रय और भारित औसत मूल्य के आधार पर भुगतान की व्यवस्था बाजार जोखिम को कम करती है। यह मॉडल किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य से कम भाव मिलने की स्थिति में सुरक्षा प्रदान करता है। मुख्यमंत्री मोहन यादव की इस पहल से किसानों का आत्मविश्वास भी मजबूत होगा। इस व्यवस्था से बाजार की अस्थिरता के बाद भी अन्नदाता की आय का संतुलन बना रहेगा।

इन सभी पहलों का प्रभाव खेत की मेड़ और खलिहान से आगे तक जाएगा। कृषि निवेश बढ़ने से ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार सृजन होगा, कृषि यंत्र और सिंचाई उपकरणों की मांग बढ़ेगी, प्रसंस्करण उद्योग को गति मिलेगी और स्थानीय बाजारों में क्रय शक्ति मजबूत होगी। जब किसान की आय बढ़ती है, तो उसका लाभ पूरे ग्रामीण तंत्र को मिलता है। मुख्यमंत्री मोहन यादव की रणनीति कृषि को राज्य की अर्थव्यवस्था की आधारशिला के रूप में स्थापित करती है।

महत्वपूर्ण यह है कि योजनाओं की समय-सीमा पाँच वर्षों के लिए निर्धारित की गई है। इससे नीति में स्थिरता का संदेश स्पष्ट है। किसान को यह विश्वास मिलता है कि वह दीर्घकालिक योजना बना सकता है, नई तकनीक अपना सकता है और उत्पादन बढ़ाने की दिशा में निवेश कर सकता है।

किसान कल्याण वर्ष की यह रूपरेखा बताती है कि मध्यप्रदेश ने खेती को विकास की परिधि से उठाकर केंद्र में रख दिया है। उत्पादन, सिंचाई, पोषण, प्राकृतिक संसाधन संरक्षण, तिलहन प्रोत्साहन और मूल्य सुरक्षा, इन सभी आयामों को एक साथ आगे बढ़ाने की यह कोशिश संतुलित और व्यापक है।

यदि जमीनी स्तर पर प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित हुआ, तो मुख्यमंत्री मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश कृषि प्रबंधन और किसान सशक्तिकरण का सशक्त उदाहरण बन सकता है। खेती केवल जीविका का साधन नहीं, बल्कि राज्य की सामाजिक और आर्थिक धुरी है और जब नीति, संसाधन और नेतृत्व एक दिशा में चलते हैं, तो

## होली को बनाएं रंगों, रिश्तों और जिम्मेदारी का पर्व



-डॉ. पंकज भारद्वाज

होली रंगों और उल्लास का पर्व है, लेकिन बीते कुछ वर्षों में यह खुशी कई बार लापरवाही और असंवेदनशील व्यवहार के कारण भय में बदल जाती है। रंग खेलने के नाम पर कुछ लोग सीमाएं लांघ देते हैं। खासतौर पर महिलाओं के साथ जबरन, गलत तरीके से रंग लगाना न केवल अपमानजनक है, बल्कि खतरनाक भी है।

आज बाजार में मिलने वाले कई रंग केमिकल से बने होते हैं। इनमें मौजूद हानिकारक तत्व त्वचा को जलन, एलर्जी और दाग दे सकते हैं। सबसे बड़ा खतरा आंखों और बालों को होता है। आंखों में रंग चला जाए तो जलन, सूजन और गंभीर स्थिति में दृष्टि को नुकसान तक हो सकता है। बालों पर इन रंगों का असर लंबे समय तक रहता है। बालों का झड़ना, रूखापन और स्कैल्प की समस्याएं आम हैं। खतरे की गंभीरता को गाजियाबाद की मनीषा शुक्ला की घटना से समझा जा सकता है। पिछली होली पर रंग खेलते समय उन पर इस तरह रंग लगाया गया कि वह आंखों में चला गया। इसके बाद उनकी आंखों की रोशनी चली गई। ऑपरेशन के बाद भी उनकी दृष्टि पूरी तरह लौट नहीं पाई। यह एक दर्दनाक उदाहरण है कि थोड़ी सी लापरवाही किसी की जिंदगी हमेशा के लिए बदल सकती है।

होली पर उत्साह जरूरी है, लेकिन सुरक्षा उससे भी ज्यादा जरूरी है। किसी पर जबरन रंग न लगाएं। चेहरे, खासकर आंखों के पास रंग लगाने से बचें। केमिकल वाले पक्के रंगों का उपयोग न करें, जहां संभव हो, प्राकृतिक या हर्बल रंग चुनें। रंग खेलने से पहले त्वचा और बालों पर तेल या मॉइस्चराइज़र लगाएं ताकि रंग का असर कम हो। आंखों की सुरक्षा के लिए चश्मा उपयोगी हो सकता है। बच्चों और बुजुर्गों के साथ विशेष सावधानी बरतें।

होली का अर्थ शरारत नहीं, सम्मान और आनंद है। कानून और प्रशासन से भी अपेक्षा है कि वे खतरनाक रंगों की बिक्री पर सख्ती करें और जागरूकता बढ़ाएं। आइए, इस होली पर संकल्प लें कि हम सिर्फ खुशी बांटेंगे, किसी की सुरक्षा और सम्मान से खिलवाड़ नहीं करेंगे। तभी होली सचमुच रंगों का, रिश्तों का और जिम्मेदारी का पर्व बनेगी।

# जनहित के मुद्दों की बुलंद आवाज

### -हरदा विधायक डॉ. दोगने ने विधानसभा में उठाए अहम विषय

**अनोखा तीर, हरदा।**

मध्य प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र के दौरान हरदा विधायक डॉ. रामकिशोर दोगने ने जिले से जुड़े कई महत्वपूर्ण राजस्व एवं जनहित के मुद्दे उठाए। उन्होंने शासकीय तालाबों की स्थिति, राजस्व मिसल बंदोबस्त एवं ऑनलाइन रिकॉर्ड में अंतर, राजस्व निरीक्षकों के रिक्त पदों तथा शासकीय भूमि पर अतिक्रमण जैसे विषयों पर सरकार से जवाब मांगा। शासकीय तालाबों के संबंध में उन्होंने तालाबों की संख्या, विभागवार स्थिति, उपयोग, जीर्णोद्धार पर व्यय राशि एवं अतिक्रमण की जानकारी मांगी। जवाब में राजस्व मंत्री ने बताया कि विस्तृत जानकारी परिशिष्ट अनुसार उपलब्ध है तथा अतिक्रमण के मामलों में म.प्र. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 248 के तहत कार्यवाही प्रचलन में है। राजस्व रिकॉर्ड के संबंध में मंत्री ने बताया कि राजस्व महाभियान के तहत प्रदेश में लगभग 1 करोड़ प्रकरणों का निराकरण किया गया तथा प्रचार-प्रसार पर करीब 1.35 करोड़ रुपये व्यय हुए। नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, अभिलेख दुरुस्ती, स्वामित्व योजना सहित विभिन्न कार्य पूर्ण किए गए हैं। राजस्व निरीक्षकों के संबंध में जानकारी दी गई कि प्रदेश में कुल 2169 पद स्वीकृत हैं, जिनमें 936 भरे एवं 1233 रिक्त हैं। विभागीय परीक्षा एवं वरिष्ठता के आधार पर उच्च पदों का प्रभार दिया गया है। डॉ. दोगने ने नियम 138 (1) के अंतर्गत दो ध्यानाकर्षण भी प्रस्तुत किए। पहला, ग्राम देवास मार्ग का फोरलेन हाईवे से सुरक्षित जुड़ाव नहीं होने से दुर्घटना की आशंका को लेकर। उन्होंने घासी की पुलिया से ग्राम अबगांवकला फोरलेन ब्रिज तक संपर्क मार्ग निर्माण की मांग की। दूसरा, नर्मदा पुल के पास से ग्राम हंडिया एवं नर्मदा घाट तक मार्ग नहीं होने से तीर्थ यात्रियों व ग्रामीणों को हो रही परेशानी को लेकर। उन्होंने पुल के समीप से सड़क व पैदल मार्ग निर्माण की मांग रखी। विधायक ने कहा कि तालाबों का संरक्षण, अतिक्रमण हटाने, राजस्व व्यवस्था में पारदर्शिता तथा ग्रामीण क्षेत्रों में सुरक्षित आवागमन सुनिश्चित करना जनहित से जुड़े विषय हैं। इन पर सरकार से समय-सीमा में ठोस कार्रवाई की अपेक्षा की गई है।



# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में वर्षों से अतिक्रमण

## मुख्य द्वार के सामने अवैध कब्जा

**अनोखा तीर, हंडिया।**

जिले के तहसील हंडिया स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, जो क्षेत्र के हजारों ग्रामीणों के लिए प्रमुख स्वास्थ्य सुविधा है, आज स्वयं अव्यवस्था और अतिक्रमण की समस्या से जूझ रहा है। स्वास्थ्य केंद्र के मुख्य गेट के पास झोपड़ी बनाकर कब्जा कर लिया गया है, जबकि परिसर के भीतर भी तिरपाल डालकर जगह घेर ली गई है। इतना ही नहीं, कुछ लोगों ने अपने आवागमन की सुविधा के लिए स्वास्थ्य केंद्र परिसर से निजी रास्ता निकाल लिया है, जिससे अस्पताल की सुरक्षा और व्यवस्था दोनों प्रभावित हो रही हैं। सबसे गंभीर बात यह है कि यह स्थिति नई नहीं है। जब स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण हुआ था, उसी समय ठेकेदार और निर्माण एजेंसी को जिला प्रशासन के समन्वय से परिसर को अतिक्रमण मुक्त कराकर ही हैंडओवर करना चाहिए था, लेकिन प्रशासनिक लापरवाही के कारण यह कार्य अधूरा रह गया। इसका खामियाजा आज मरीजों और आमजन को भुगतना पड़ रहा है। मुख्य गेट के समीप बनी झोपड़ी के कारण एम्बुलेंस और इमरजेंसी वाहनों की आवाजाही बाधित होती है। दिन हो या रात, मरीजों को अस्पताल पहुंचने में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। आपातकालीन स्थिति में किसी घायल व्यक्ति को लाते समय गेट के पास खेल रहे बच्चों से दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। यह स्थिति सीधे तौर पर जनसुरक्षा से जुड़ा गंभीर विषय है। विकासखंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. शैलजा महाजन एवं स्टाफ द्वारा कई बार वरिष्ठ अधिकारियों को अतिक्रमण हटाने हेतु आवेदन दिए जाने के बावजूद तहसील स्तर या जिला प्रशासन की ओर से अब तक ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। यह प्रशासनिक निष्क्रियता कई सवाल खड़े करती है। आवश्यकता है कि राजस्व और प्रशासनिक अमला तत्काल संयुक्त कार्रवाई कर स्वास्थ्य केंद्र परिसर को अतिक्रमण मुक्त कराए। अस्पताल परिसर पूर्णतः सुरक्षित और खुला होना चाहिए, ताकि मरीजों को निर्बाध और सुरक्षित स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें।




### इनका कहना है...

अतिक्रमण कर्ताओं को जगह दे दी गई है। यथाशीघ्र अतिक्रमण हटाए जाने की कार्रवाई की जाएगी।

**-वीरेंद्र उइके, तहसीलदार, हंडिया**

अतिक्रमण कर्ता की जानकारी मेरे पास नहीं है। तहसीलदार के पास होगी। जल्द ही कार्रवाई कर अतिक्रमण मुक्त परिसर कराया जाएगा।

**-अशोक डेहरिया, एसडीएम, हरदा**

## शारीरिक दक्षता एवं दस्तावेज परीक्षण प्रक्रिया प्रदेशभर में जारी

**अनोखा तीर, भोपाल।** आरक्षक जीडी भर्ती परीक्षा वर्ष 2025 के अंतर्गत शारीरिक दक्षता परीक्षा पीपीटी एवं दस्तावेज परीक्षण की प्रक्रिया 23 फरवरी 2026 से प्रदेशभर में प्रारंभ कर दी गई है। भर्ती प्रक्रिया के सुचारू, पारदर्शी एवं व्यवस्थित संचालन के लिए भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर, उज्जैन, रतलाम, बालाघाट, सागर, रीवा एवं मुरैना सहित 10 केंद्र निर्धारित किए गए हैं, जहां परीक्षण कार्य जारी है। भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत विगत तीन दिवस में कुल 8 हजार अभ्यर्थियों को परीक्षण हेतु आमंत्रित किया गया। इनमें 1743 पुरुष, भूतपूर्व सैनिक एवं होमगार्ड तथा 6257 महिलाएं एवं होमगार्ड महिलाएं शामिल थीं। अब तक कुल 6524 अभ्यर्थी परीक्षण हेतु उपस्थित हुए, जिनमें 1341 पुरुष, भूतपूर्व सैनिक एवं होमगार्ड तथा 5183 महिलाएं एवं होमगार्ड महिलाएं सम्मिलित हैं। इन सभी ने शारीरिक दक्षता एवं दस्तावेज परीक्षण की प्रक्रिया पूर्ण कर ली है। भर्ती प्रक्रिया नियमित रूप से संचालित की जा रही है, जो 14 मार्च तक जारी रहेगी।

## सार-समाचार

### अवैध शराब, यातायात उल्लंघन व असामाजिक तत्वों पर कार्रवाई

**अनोखा तीर, खंडवा।** पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार राय के निर्देशन में जिले में अवैध शराब विक्रेताओं, यातायात नियम तोड़ने वालों तथा असामाजिक तत्वों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाकर कार्रवाई की गई। 25 फरवरी को दो आरोपियों के कब्जे से कुल 22 लीटर कच्ची महुआ शराब जब्त की गई। छैगांवमाखन थाना क्षेत्र से 15 लीटर एवं मूंदी थाना क्षेत्र से 7 लीटर शराब बरामद कर दोनों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34(1) के तहत प्रकरण दर्ज किया गया। यातायात नियमों के उल्लंघन पर 18 वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई कर 7,200 रुपए समन शुल्क वसूला गया। बिना नंबर प्लेट, तीन सवारी, बिना हेलमेट, सीट बेल्ट न लगाने, तेज गति तथा बीमा व उच्च सुरक्षा पंजीयन पट्टिका के अभाव जैसे मामलों में कार्रवाई की गई। आगामी त्योहारों को देखते हुए विभिन्न थानों में 38 असामाजिक तत्वों के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई। इनमें 32 व्यक्तियों को बाउंड ओवर किया गया। इसके अतिरिक्त 11 गिरफ्तारी वारंट, 40 जमानती वारंट और 80 समन तामील किए गए। पुलिस ने नागरिकों से कानून व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग की अपील की है।

### अटूटखास व नर्मदानगर में आज समाधान शिविर

**अनोखा तीर, खंडवा।** नागरिकों को उनकी पात्रता के अनुसार शासन की विभिन्न योजनाओं और सेवाओं का लाभ दिलाने के उद्देश्य से प्रदेश में इन दिनों संकल्प से समाधान अभियान संचालित किया जा रहा है। अभियान के तहत प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। कलेक्टर गुप्ता ने बताया कि पुनासा विकासखंड के ग्राम अटूटखास एवं नर्मदानगर में 27 फरवरी को शिविर आयोजित होगा। इसके पश्चात 28 फरवरी को पंधाना विकासखंड के ग्राम सिंगोट एवं बोरगांव बुजुर्ग में शिविर लगाकर ग्रामीणों के आवेदनों का निराकरण किया जाएगा।

### हैप्पी, सुपर व स्मार्ट सीडर हेतु आवेदन 1 मार्च तक

**अनोखा तीर, खंडवा।** ई-कृषि यंत्र अनुदान पोर्टल पर हैप्पी सीडर, सुपर सीडर एवं स्मार्ट सीडर यंत्रों के लिए 1 मार्च तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। सहायक कृषि यंत्री ने बताया कि इन यंत्रों के लिए 4500-4500 रुपए की मांग पत्र राशि जमा करना अनिवार्य है। इच्छुक किसान आवेदन के साथ निर्धारित राशि का मांग पत्र सहायक कृषि यंत्री, खण्डवा के नाम से बनवाकर जमा कर सकते हैं। धरोहर राशि के बिना आवेदन मान्य नहीं होगा। किसानों से निर्धारित तिथि से पूर्व पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर योजना का लाभ लेने की अपील की गई है।

### भावांतर योजना में सरसों पंजीयन शुरू

**अनोखा तीर, खंडवा।** भावांतर योजना के अंतर्गत रबी वर्ष 2025-26 में सरसों उत्पादक किसानों का पंजीयन 26 फरवरी से 20 मार्च तक ई-उपार्जन पोर्टल पर किया जा रहा है। योजना के तहत गेहूं और चना की तरह ही सरसों फसल के लिए 72 पंजीयन केंद्र निर्धारित किए गए हैं। उप संचालक कृषि नीतेश यादव ने बताया कि किसान अपनी निकटतम सहकारी समिति में जाकर पंजीयन करा सकते हैं। इसके अलावा ग्राम पंचायत कार्यालय, जनपद एवं तहसील कार्यालयों में स्थापित सुविधा केंद्रों पर नि:शुल्क तथा अन्य अधिकृत केंद्रों पर निर्धारित शुल्क के साथ पंजीयन की व्यवस्था है। पंजीयन के लिए किसानों को भूमि संबंधी दस्तावेज, आधार कार्ड, बैंक पासबुक और अन्य फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत करना होगा। सिकमी, बटाईदार, कोटवार एवं वन पट्टाधारी किसानों का पंजीयन केवल सहकारी समिति एवं सहकारी विपणन संस्था द्वारा संचालित केंद्रों पर किया जाएगा। सिकमी और बटाई अनुबंध निर्धारित प्रारूप में प्रस्तुत करना अनिवार्य है। वनाधिकार पट्टाधारी किसानों के वन पट्टे तथा सिकमी-बटाई अनुबंध 2 फरवरी से पूर्व पंजीकृत होना आवश्यक है। जिन मृत किसानों की भूमि का नामांतरण लंबित है, उनका पंजीयन जिला आपूर्ति अधिकारी के माध्यम से किया जाएगा। किसानों से अधिक से अधिक पंजीयन कर योजना का लाभ लेने की अपील की गई है।

### रिश्वतखोर पटवारी को तीन वर्ष का सश्रम कारावास

**अनोखा तीर, खंडवा।** विशेष न्यायाधीश भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, खण्डवा ने पटवारी विताराम पटेल निवासी बोरगांव खुर्द को भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 7(क) के तहत तीन वर्ष के सश्रम कारावास एवं 25 हजार रुपए अर्थदंड से दंडित किया है। प्रकरण में लोकायुक्त की ओर से सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी विनोद कुमार पटेल ने पैरवी की। अभियोजन के अनुसार ग्राम जामली कला निवासी राकेशसिंह मोर्य ने भूमि बंटवारा नामांतरण एवं पावती के कार्य के लिए आवेदन किया था। आरोप है कि संबंधित पटवारी ने कार्य शीघ्र कराने के नाम पर 10 हजार रुपए की मांग की, जिसमें से 2,500 रुपए पहले ले लिए और शेष राशि की मांग की। शिकायत पर लोकायुक्त इंदौर में मामला दर्ज किया गया। 27 सितंबर 2021 को विशेष पुलिस स्थापना लोकायुक्त की टीम ने आरोपी को 5 हजार रुपए रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया था। विवेचना उपरांत प्रकरण न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां सुनवाई के बाद आरोपी को दोषी ठहराते हुए सजा सुनाई गई। प्रकरण में साक्षियों को न्यायालय में प्रस्तुत कराने में संबंधित अधिकारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### त्योहारों को लेकर पुलिस कंट्रोल रूम में सुरक्षा बैठक संपन्न

**अनोखा तीर, खंडवा।** आगामी भगोरिया, होली, धुलेंडी, रंग पंचमी, ईद-उल-फितर, गणगौर एवं रामनवमी को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस कंट्रोल रूम में सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार राय ने की। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महेंद्र तरणेकर, प्रशिक्षु अधिकारी अमित कुमार, विशेष शाखा एवं कंट्रोल रूम के अधिकारी उपस्थित रहे। पुलिस अधीक्षक ने सभी थाना व चौकी प्रभारियों को त्योहार पूर्व शांति समिति तथा आयोजकों के साथ बैठक करने के निर्देश दिए। संवेदनशील गांवों में ग्राम स्तर पर शांति समिति की बैठक आयोजित करने तथा आपराधिक व असामाजिक तत्वों के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए गए। भीड़भाड़ वाले स्थानों पर अतिरिक्त बल तैनात करने को कहा गया। होली के दौरान तीन सवारी, तेज गति व शराब पीकर वाहन चलाने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई तथा जांच उपकरण से परीक्षण करने के निर्देश दिए गए। हानिकारक रसायनयुक्त रंगों की बिक्री पर रोक लगाने, निर्धारित ध्वनि सीमा में ही ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग तथा सामाजिक माध्यमों पर आपत्तिजनक सामग्री प्रसारित करने वालों पर निगरानी रखने को कहा गया। गणगौर विसर्जन के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर ग्राम स्तर पर साफ-सफाई सुनिश्चित कराने के निर्देश भी दिए गए। पुलिस अधीक्षक ने नागरिकों से सभी त्योहार शांति और सौहार्द के साथ मनाने की अपील की।

### संघ की शताब्दी यात्रा पर फिल्म 'शतक' का प्रदर्शन आज

**अनोखा तीर, खंडवा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की 100 वर्षों की यात्रा पर आधारित फिल्म 'शतक' का प्रदर्शन 27 फरवरी शुक्रवार को प्रात: 9 बजे अभिषेक सिनेमा में किया जाएगा। स्वयंसेवक मित्र मंडल सहित जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता सामूहिक रूप से फिल्म देखेंगे। समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि फिल्म में संघ द्वारा समाज सेवा, आपदा प्रबंधन और राष्ट्रीय निर्माण के क्षेत्र में किए गए कार्यों को दर्शाया गया है। कार्यक्रम में निमाड़ संभाग प्रभारी सुरेंद्र शर्मा, जिला प्रभारी अंबाराम कराडा और जिला अध्यक्ष राजपाल सिंह तोमर सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे।

### प्रशिक्षण वर्ग को लेकर कार्यशाला आज

प्रदेश स्तर पर आयोजित कार्यशाला के बाद जिले में भी प्रशिक्षण वर्ग को लेकर कार्यशाला शुक्रवार को दोपहर 12 बजे इंदिरा चौक स्थित भाजपा कार्यालय में आयोजित की जाएगी। जिला अध्यक्ष राजपाल सिंह तोमर की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यशाला में सुरेंद्र शर्मा और अंबाराम कराडा मार्गदर्शन देंगे।

### मोतियाबिंद के 32 मरीजों को नि:शुल्क सर्जरी के लिए इंदौर भेजा



**अनोखा तीर, खंडवा।** राष्ट्रीय अंधत्व निवारण कार्यक्रम के अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पंधाना एवं छैगांवमाखन में नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर आयोजित कर मरीजों की आंखों की जांच की गई। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. ओपी जुगतावत ने बताया कि शिविर में 88 मरीजों का परीक्षण किया गया। इनमें से मोतियाबिंद शल्यक्रिया के लिए चयनित 32 मरीजों को नि:शुल्क उपचार हेतु शंकरा आई सेंटर, इंदौर भेजा गया है।

# गोपालपुर में 86 गांजा पौधे जब्त, आरोपी गिरफ्तार




**अनोखा तीर, गोपालपुर।** नशामुक्त अभियान के तहत गोपालपुर थाना पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ की खेती पर कार्रवाई करते हुए 86 गांजा पौधे जब्त कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। कार्रवाई पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनीता रावत और अनुविभागीय अधिकारी रोशन कुमार जैन के मार्गदर्शन में की गई। थाना पुलिस को 25 फरवरी को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम मंजाखेड़ी में वन विभाग की भूमि पर कब्जाधारी प्रेमसिंह कोरकू द्वारा अवैध रूप से गांजे के पौधे लगाए गए हैं। सूचना की पुष्टि के बाद पुलिस टीम ने मौके पर दबिश देकर घेराबंदी की और तलाशी के दौरान 86 हरे गांजा पौधे बरामद किए। जब्त पौधों का कुल वजन लगभग 3 किलो 200 ग्राम तथा अनुमानित कीमत 40 हजार रुपए आंकी गई है। आरोपी प्रेमसिंह कोरकू निवासी मंजाखेड़ी को मौके से गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध मादक पदार्थ अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। कार्रवाई में निरी. महेन्द्र सिंह गौड़, उनि लवेश कुमार, सउनि विजय यादव, प्रआर. राधेश्याम चौहान, प्रआर. शिवनारायण वर्मा, आर. विशाल सिंह तोमर, आर. विकास सिंह तोमर, आर. राजेश मीणा, आर. आमीन सहित पुलिस दल के अन्य सदस्यों की सराहनीय भूमिका रही।

# ई-दक्ष केंद्र में सूचना अधिकार पर द्विदिवसीय प्रशिक्षण संपन्न



**अनोखा तीर, खंडवा।** सूचना का अधिकार अधिनियम संबंधी दो दिवसीय प्रशिक्षण ई-दक्ष केंद्र, खण्डवा में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में जिले के विभिन्न विभागों के लोक सूचना अधिकारी, सहायक लोक सूचना अधिकारी एवं संबंधित शासकीय सेवकों को अधिनियम के प्रावधानों, संशोधनों तथा नवीन तकनीकी माध्यमों की विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 की मूल अवधारणा, आवेदन प्रक्रिया, अपील के समय-सीमा में निराकरण, द्वितीय अपील की प्रक्रिया, दंड प्रावधान एवं हालिया संशोधनों पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया गया। साथ ही ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से आवेदन प्राप्ति, निस्तारण, अभिलेख प्रबंधन और समयबद्ध जवाब सुनिश्चित करने की व्यावहारिक जानकारी भी प्रदान की गई। मास्टर ट्रेनर लोकेश कुमार शर्मा, डॉ. प्रेमांश दुधे तथा अनिल चंदेल ने अधिनियम के विभिन्न प्रावधानों पर व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया।

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन की राशि हितग्राहियों के खाते में की अंतरित

**जिले के 55 हजार 700 हितग्राहियों को सिंगल क्लिक के माध्यम से मिला पेंशन लाभ**



**अनोखा तीर, खरगोन।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सागर जिले की रहली तहसील के गढ़ाकोटा में आयोजित रहस मेले के शुभारंभ अवसर पर सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना की जनवरी माह की राशि हितग्राहियों के खातों में अंतरित की। प्रदेश के 32 लाख से अधिक हितग्राहियों को 196.72 करोड़ रुपए की राशि एक साथ हस्तांतरित की गई।

जिले के 55 हजार 700 हितग्राहियों को पेंशन सहायता प्राप्त हुई। विभिन्न योजनाओं के तहत प्रति हितग्राही 600 रुपए प्रतिमाह की आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। जिले में 34 हजार 230 हितग्राहियों को मुख्यमंत्री सामाजिक सुरक्षा कल्याणी पेंशन, 10 हजार 569 को सामाजिक सुरक्षा नि:शक्त पेंशन, 3 हजार 963 को वृद्धावस्था पेंशन, 1 हजार 137 को परित्यक्ता पेंशन, 1 हजार 433 को कन्या अभिभावक पेंशन तथा 106 हितग्राहियों को अविवाहिता पेंशन योजना की राशि दी गई।

इसके अलावा 1 हजार 643 मंदबुद्धि एवं बहुविकलांग हितग्राही, 2 हजार 616 दिव्यांग शिक्षा प्रोत्साहन सहायता लाभार्थी तथा वृद्धाश्रम में निवासरत 3 अंत:वासियों को भी सहायता राशि प्रदान की गई। सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण कार्यालय परिसर में कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखा गया। इस अवसर पर उपसंचालक धर्मेन्द्र गांगले सहित बड़ी संख्या में पेंशन हितग्राही उपस्थित रहे।

# आगामी त्योहारों को लेकर पुलिस अधीक्षक की वर्चुअल बैठक संपन्न

**अनोखा तीर, सीहोर।** आगामी होलिका दहन, धुलेड़ी, रंगपंचमी, ईद, रमजान, नवरात्रि, भगोरिया एवं गणगौर जैसे पर्वों को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला ने जिले के समस्त पुलिस अधिकारियों की वर्चुअल बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन तथा अन्य आवश्यक तैयारियों की विस्तार से समीक्षा की गई। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि शांति समिति एवं धार्मिक आयोजकों के साथ बैठक कर समन्वय स्थापित करें तथा संवेदनशील क्षेत्रों, मोहल्लों और धार्मिक स्थलों का नियमित भ्रमण करें। आसूचना संकलन को सक्रिय रखते हुए मोटर साइकिल दलों से सतत गश्त कराने के निर्देश भी दिए गए। बड़े आयोजनों के दौरान मार्गों का परीक्षण, आवश्यकतानुसार मानवरहित विमान से निगरानी तथा ऊंची इमारतों पर बल की तैनाती सुनिश्चित करने को कहा गया। जिलेभर में संदिग्ध व्यक्तियों, सराय, भोजनालयों की जांच, शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर कार्रवाई तथा शरारती तत्वों पर विशेष नजर रखने के निर्देश दिए गए। भगोरिया मेले में महिला पुलिस बल की तैनाती और चेतावनी संकेतक लगाने पर भी जोर दिया गया। होलिका दहन के अवसर पर अग्निशमन वाहन की उपलब्धता, ध्वनि विस्तारक यंत्र, सुरक्षा सामग्री तथा अतिरिक्त बल को तैयार रखने के निर्देश दिए गए। रमजान के दौरान शाम के समय विशेष पुलिस व्यवस्था सुनिश्चित करने को भी कहा गया। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनीता रावत सहित समस्त अनुभाग प्रभारी, थाना प्रभारी एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# बांगरदा व बीड़ शिविरों में हजारों आवेदन स्वीकृत

**अनोखा तीर, खंडवा।** संकल्प से समाधान अभियान के तहत पुनासा विकासखंड के ग्राम बांगरदा एवं बीड़ में आयोजित शिविरों में ग्रामीणों को विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया गया। जिला पंचायत के अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी केआर कानूड़े ने बताया कि बांगरदा में आयोजित क्लस्टर स्तरीय शिविर में प्राप्त 1392 आवेदनों को स्वीकृति दी गई, जबकि बीड़ में 1178 आवेदनों पर स्वीकृति की कार्रवाई की गई। बांगरदा शिविर में लाड़ली लक्ष्मी योजना से 4 बालिकाओं को लाभ मिला तथा प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के तहत 4 प्रकरण स्वीकृत किए गए। संबल योजना में 4 हितग्राहियों को अनुग्रह राशि स्वीकृत की गई और 3 संबल कार्ड बनाए गए। 16 हितग्राहियों को वृद्धावस्था पेंशन एवं 2 महिलाओं को कल्याणी पेंशन की स्वीकृति प्रदान की गई।



राजस्व विभाग द्वारा 58 कृषकों को खसरा-खतौनी नक्शे की प्रतिलिपि दी गई। स्वास्थ्य विभाग ने 8 आयुष्मान कार्ड वितरित किए तथा 22 नए कार्ड बनाए। सहकारिता विभाग ने 27 हितग्राहियों के कृषि ऋण स्वीकृत किए।

इसी क्रम में दोनों ग्रामों में आयोजित स्वास्थ्य शिविरों में कुल 201 मरीजों का नि:शुल्क उपचार किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. ओपी जुगतावत ने बताया कि बांगरदा में 91 तथा बीड़ में 110 मरीजों की जांच कर उन्हें दवाएं वितरित की गईं। शिविरों में 42 आयुष्मान कार्ड भी बनाए गए।



# रंगभरी एकादशी पर गढ़ी में निकली भव्य निशान यात्रा

**अनोखा तीर, खंडवा।** रंगभरी एकादशी के पावन अवसर पर ग्राम गढ़ी में भक्ति और आस्था का अनुपम दृश्य देखने को मिला। प्रातः 8 बजे दामखेड़ा नागराज मंदिर से भव्य श्याम निशान यात्रा निकाली गई, जो गांव के प्रमुख मार्गों से होते हुए खेड़ापति नागराज मंदिर पहुंची। वहां दर्शन के पश्चात यात्रा मुख्य चौराहे से श्याम मंदिर परिसर पहुंची। यात्रा में ढोल-ताशों की गूंज के बीच श्याम भक्त उत्साह और श्रद्धा के साथ शामिल हुए। विभिन्न स्थानों पर पुष्पवर्षा कर यात्रा का स्वागत किया गया। श्याम मंदिर पहुंचने पर विधिवत अभिषेक और महाआरती के बाद भोग अर्पित कर प्रसादी वितरित की गई। भजन-कीर्तन की मधुर धुनों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। हजारों श्रद्धालुओं ने दर्शन कर आस्था प्रकट की। आयोजन ने गांव में श्रद्धा, उल्लास और सामूहिक विश्वास का अद्भुत संदेश दिया।

# समाधान अभियान में 72 हजार से अधिक आवेदन स्वीकृत

**अनोखा तीर, खंडवा।** नागरिकों को उनकी पात्रता के अनुसार शासन की विभिन्न योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ दिलाने के उद्देश्य से प्रदेश में संकल्प से समाधान अभियान के तहत ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इन शिविरों में योजनाओं से संबंधित आवेदन प्राप्त कर उनका मौके पर ही निराकरण किया जा रहा है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. नागार्जुन बी. गौड़ा ने बताया कि अब तक आयोजित शिविरों में 89,545 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें 70,598 ग्रामीण तथा 18,947 शहरी क्षेत्र के हैं। इनमें से 72,280 आवेदनों को स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है। स्वीकृत आवेदनों में 57,436 ग्रामीण और 14,844 शहरी क्षेत्र के आवेदन शामिल हैं। उन्होंने बताया कि अपात्रता के कारण 6,258 आवेदन अस्वीकृत किए गए हैं, जिनमें 5,847 ग्रामीण तथा 411 शहरी क्षेत्र के आवेदन हैं। शेष आवेदनों पर कार्यवाही जारी है।




# मूंग पर भी सरकार किसानों को दे बोनस और समर्थन मूल्य पर खरीदी सुनिश्चित करे : सोलंकी

**अनोखा तीर, खंडवा।** नर्मदापुरम, हरदा और खंडवा सहित आसपास के क्षेत्रों के मूंग उत्पादक किसानों के बीच इस समय गहरी चिंता और असंतोष का माहौल है। किसानों का कहना है कि लगातार बढ़ती लागत, अनिश्चित सिंचाई व्यवस्था और बाजार मूल्य में उतार-चढ़ाव के कारण उन्हें स्थिर और स्पष्ट कृषि नीति की आवश्यकता है। मूंग फसल ने इन जिलों में किसानों की आय बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, इसलिए इसे प्रोत्साहित किया जाना चाहिए, न कि उपेक्षित किया जाए। मध्यप्रदेश किसान कांग्रेस के महासचिव गजेन्द्र सिंह सोलंकी ने किसानों की ओर से मांग उठाते हुए कहा है कि मूंग पर बोनस को लेकर सरकार को स्पष्ट और सकारात्मक निर्णय लेना चाहिए। यदि उड़द को प्रोत्साहन दिया जा रहा है, तो मूंग को नजरअंदाज करना क्षेत्रीय किसानों के साथ अन्याय होगा। उनका कहना है कि फसल परिवर्तन का दबाव बनाना व्यावहारिक समाधान नहीं है और इससे खेत स्तर पर जोखिम बढ़ सकता है। गजेन्द्र सिंह सोलंकी ने विशेष रूप से अपने क्षेत्र खंडवा के किसानों का उल्लेख करते हुए कहा कि खंडवा जिले में बड़ी संख्या में किसान वर्षों से मूंग की खेती पर निर्भर हैं। यहां की मिट्टी, जलवायु और कृषि चक्र के अनुसार मूंग एक सफल एवं भरोसेमंद फसल रही है। यदि नीति संकेत बदलते हैं और मूंग को पर्याप्त प्रोत्साहन नहीं मिलता, तो खंडवा क्षेत्र के किसानों की आय पर सीधा प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि वे खंडवा सहित पूरे क्षेत्र के किसानों की आवाज को मजबूती से सरकार तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि कृषि निर्णय केवल घोषणाओं से तय नहीं होते। मिट्टी की प्रकृति, पानी की उपलब्धता, स्थानीय जलवायु और वर्षों के अनुभव के



आधार पर किसान फसल का चयन करता है। गेहूं की कटाई और मानसून के आगमन के बीच का समय बहुत कम होता है, जबकि उड़द की फसल को लगभग 80-90 दिन लगते हैं। ऐसे में मानसून का पूरा जोखिम उड़द की फसल पर आ सकता है, जिससे किसानों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है। किसानों का कहना है कि उड़द की खेती में अपेक्षाकृत अधिक सिंचाई, अधिक रासायनिक छिड़काव और अधिक लागत लगती है, जबकि उत्पादन कम होने की संभावना रहती है। साथ ही, अगली फसल में खरपतवार की समस्या बढ़ने की शिकायतें भी सामने आई हैं। ऐसे में बिना समुचित योजना और वैज्ञानिक मूल्यांकन के फसल परिवर्तन किसानों के लिए घाटे का सौदा साबित हो सकता है। सोलंकी ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि सरकार को मूंग पर भी उचित बोनस देना चाहिए और न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर प्रभावी खरीदी सुनिश्चित करनी चाहिए। यदि किसानों के साथ भेदभावपूर्ण रवैया जारी रहा और मूंग को समान प्रोत्साहन नहीं दिया गया, तो आगे कांग्रेस किसानों के साथ उग्र रूप से आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी। उन्होंने कहा कि किसान की आय और सम्मान से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। किसानों की मांग है कि सरकार खुले संवाद के माध्यम से अपनी दीर्घकालिक रणनीति स्पष्ट करे-क्या मूंग को बढ़ावा दिया जाएगा या क्षेत्र को दूसरी फसलों की ओर मोड़ा जाएगा। नीति में संतुलन, पारदर्शिता और समान व्यवहार ही किसानों का विश्वास बनाए रख सकता है। अंततः किसानों का उद्देश्य राजनीति नहीं, बल्कि स्थिर और सम्मानजनक आय सुनिश्चित करना है। किसान उम्मीद कर रहे हैं कि सरकार उनकी स्थानीय परिस्थितियों और अनुभव को ध्यान में रखते हुए न्यायपूर्ण एवं दूरदर्शी निर्णय लेगी।

## कार्यालय नगर पालिका परिषद खरगोन म.प्र. जिला खरगोन

क्र. 2960/राजस्व-लीज/2026 — खरगोन दिनांक 26/02/26

**:: सार्वजनिक-सूचना ::**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, निकाय स्वामित्व के (1) श्रीमति लाडकी बाई पति जगदीश बजाज को बिस्टान रोड ग्रुप नं. 43 ब्लाक नं. 59, साईज 600 वर्गफुट (2) श्री लक्ष्मीनारायण मोहनलाल महाजन को एम.जी रोड स्थित दुकान क्र. 16 साईज 221 वर्गफुट (3) श्री नरेन्द्र कुमार पिता नाथुलाल महाजन को तिलकपथ स्थित स्थाई दुकान क्र. 56 साईज 432 वर्गफुट (4) श्री विशाल पिता नरेन्द्र कुमार महाजन को तिलकपथ स्थित स्थाई दुकान साईज 432 वर्गफुट (5) श्री प्रवीण महाजन पिता मदनलाल महाजन को बिस्टान रोड स्थित दुकान नं. 16 साईज 120 वर्गफुट (6) श्रीमती दुर्गारानी पति प्रवीण महाजन को बिस्टान रोड स्थित दुकान क्र. 17 साईज 120 वर्गफुट (7) श्री शब्बीर पिता फखरुद्दीन पुराना हास्पिटल रोड स्थित दुकान क्र. 02, साईज 228 वर्गफुट (8) श्री मधुरेश पिता गणपति महाजन जवाहर नगर स्थित दुकान नंबर 25 साईज 220 वर्गफुट (9) श्री संजय कैलाशचंद्र गुप्ता को नगर पालिका परिसर के पास स्थित दुकान नं. 09 (10) श्री बालकृष्ण पिता तोताराम पाटीदार को आरोग्य शापिंग काम्पलेक्स स्थित दुकान क्र. 07 व छत क्र. साईज 112+186 वर्गफुट (11) श्री श्रीकृष्ण महाजन पिता विट्‌ठलदास महाजन एम.जी. रोड स्थित दुकान साईज-भूतल 90 व.फु. (12) श्री परेश कुमार महाजन पिता कैलाशचंद्र महाजन को एमजी रोड स्थित स्थाई दुकान साईज 226 व.फु. (13) श्री बालकृष्ण पिता तोताराम पाटीदार को आरोग्य शापिंग काम्पलेक्स स्थित छत क्र. 07 साईज 186 वर्गफुट (14) श्री विशाल रामेश्वर पाटीदार आरोग्य काम्पलेक्स स्थित दुकान क्र. 05 साईज 111.96 वर्गफुट, (15) श्री हारून रसीद पिता न्याज मोहम्मद खान को सहकार नगर स्थित भूखंड क्रं. 32 साईज 450 वर्गफुट (16) श्री मोह. रफीक श्री तकी शेख सहकार नगर स्थित भूखंड क्र. 26, साईज 450 वर्गफुट (17) श्री नूर मोहम्मद भाई रफीक पिता तकी मोह. को सहकार नगर स्थित भूखंड 23, साईज 1500 वर्गफुट (18) श्री सत्तार पिता न्याज मोहम्मद को सहकार नगर स्थित भूखंड क्र. 31, साईज 450 वर्गफुट (19) श्रीमति जैनब बी पति श्री सलीम मंसुरी को सहकार नगर स्थित भूखंड क्र. 21, साईज 450 वर्गफुट (20) श्री आबीद खान शब्बीर खान को सहकार नगर स्थित भूखंड क्र. 19, साईज 800 वर्गफुट (21) श्री जाकीर पिता अली मोहम्मद सहकार नगर स्थित भूखंड क्र. 29, साईज 450 वर्गफुट (22) श्री जुम्मा खान पिता गेंदीलाल खान को राजेन्द्र नगर स्थित भूखंड क्र. 03 साईज 1500 वर्गफुट (23) श्री सिद्दीक खान पिता शब्बीर खान को राजेन्द्र नगर स्थित भूखंड क्र. 11 साईज 1500 वर्गफुट (24) श्री लतीफ खान पिता गेंदीलाल खान राजेन्द्र नगर स्थित भूखंड क्र. 45 साईज 1000 वर्गफुट (25) श्री श्याम बाबु पिता किशन कसेरा को सुखपुरी स्थित भूखंड क्र.11, साईज 900 वर्गफुट (26) श्री आलोक भाई सचिन पिता उमाशंकर गुप्ता को गांधी नगर स्थित LIG-47 साईज 800 वर्गफुट (27) श्री शांताराम खुमानसिंह माले, जवाहर नगर स्थित भूखंड क्र. 72 साईज 1500 वर्गफुट (28) श्री संतोष कुमार भाई राजेन्द्र कुमार पिता श्री गुलाबचंद गुजराती को जवाहर नगर स्थित भूखंड क्र. 06 साईज 5317 वर्गफुट (29) श्रीमति रेखा पति अजय पंवार को गांधी नगर स्थित EWS भवन क्र. 355 (30) श्री अजय पूनमचंद पंवार को गांधी नगर स्थित EWS भवन क्र. 356 (31) श्री रफीक भाई शब्बीर पिता सफी मोहम्मद शेख को सहकार नगर स्थित भूखंड क्र. 28 साईज 1500 व.फु. (32) श्री जफर शेख पिता सफी शेख को सहकार नगर स्थित भूखंड क्र. 29 साईज 1500 व.फु. (33) श्रीमति गीता रणछोडदास महाजन को बर्मा सेल स्थित दुकान नं. 12 साईज 145 व.फु. छत सहित, (34) श्री राहुल भाई कार्तिक पिता राजेन्द्र भावसार को एम.जी. रोड स्थित दुकान क्र. 13 साईज तल पर 264 व.फु. (35) श्रीमति अन्नपूर्णा बाई रामेश्वर गुप्ता की नुतन नगर स्थित दुकान क्र. 12 साईज 226.6 व.फु. (36) श्रीमति रजिया पति रजाक पठान को राजेन्द्र नगर स्थित भूखंड क्र. 35 साईज 1750 व.फु. आवंटित है।

उपरोक्त के द्वारा अपने भूखण्ड/भवन / दुकान मध्यप्रदेश नगर पालिका (अचल संपत्ति का अंतरण) नियम 2016 के नियम 20 अनुसार पट्टाधृति अधिकारों को भू स्वामी के अधिकार में परिवर्तन करने के संबंध में इस कार्यालय में नियत प्रारूप में प्रथक-प्रथक आवेदन प्रस्तुत किए है।

उक्त संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो यह अपनी आपत्ति मय साक्ष्य के साथ 15 दिवस में प्रस्तुत कर सकते है। बाद अवधि किसी भी प्रकार की आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद खरगोन**

## सार-समाचार

### पंच तत्व में विलीन हुईं सुशीला शर्मा



**अनोखा तीर, माखन नगर।** नगर में शिक्षक रहे स्व. रविशंकर शर्मा (रवि गुरुजी) की धर्म पत्नि अखिलेश आविष्कार की माताजी, आदेश, आवेश, आनंद, अनुभव की बड़ी मां सुशीला बाई शर्मा का बुधवार रात्रि में निधन हो गया, वो 83वर्ष की थीं। उनका अंतिम संस्कार गुरुवार प्रातः 10.30 बजे राज घाट नर्मदापुरम में किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में गणमान्य जन शामिल रहे।

### होली मिलन समारोह मनाया




**अनोखा तीर, माखन नगर।** नगर में सर्व ब्राह्मण समाज महिला मंडल द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। परशुराम मंगल भवन में आयोजित आयोजन में मंडल की सभी सदस्यों ने भगवान राधाकृष्ण की प्रतिमा की पूजन कर, होली के गीत गाए। भजन उपरांत सभी ने एक-दूसरे से फूल होली खेली। साथ ही प्रसादी वितरण की गई। आयोजन में बड़ी संख्या में महिला मंडल की सदस्य शामिल रहे।

### सरसों किसानों का पंजीयन प्रारंभ, 20 मार्च तक कर सकेंगे आवेदन

**अनोखा तीर, नर्मदापुरम।** रबी वर्ष 2025-26 के अंतर्गत सरसों फसल के विक्रय के लिए किसानों का पंजीयन प्रारंभ हो गया है, जो 20 मार्च तक संचालित रहेगा। शासन के निर्देशानुसार सरसों उत्पादक किसानों को भावांतर योजना का लाभ दिलाने के उद्देश्य से जिले में कुल 132 पंजीयन केंद्र स्थापित किए गए हैं। जिला प्रशासन ने किसानों से अपील की है कि वे निर्धारित अवधि में अपने निकटतम पंजीयन केंद्र पर पहुंचकर आवश्यक दस्तावेजों के साथ पंजीयन कराएं। पंजीयन के उपरांत किसान शासन द्वारा निर्धारित प्रावधानों के अनुसार अपनी सरसों फसल का विक्रय कर सकेंगे और भावांतर योजना का लाभ प्राप्त कर पाएंगे।

### स्कूल संचालक ने थाने में दिया आवेदन

**अभिभावक पर स्कूल को बदनाम करने का आरोप**

**अनोखा तीर, इटारसी।** नगर के सोनासांवरी स्थित जीनियस प्लानेट स्कूल में बुधवार को एक नर्सरी छात्र की नकसीर फूटने के बाद विवाद उत्पन्न हो गया। उक्त मामले में स्कूल प्रबंध ने थाने में आवेदन देकर शिकायत दर्ज कराई है। स्कूल संचालक मोहम्मद जाफर सिद्दीकी ने बताया कि 25 फरवरी को नर्सरी के छात्र की लंच के दौरान अचानक नकसीर फूट गई थी। स्कूल स्टाफ ने तत्काल बच्चे की नाक साफ की और दोपहर 12.15 बजे उसके पिता को फोन पर सूचना दी। सिद्दीकी के अनुसार, पिता के स्कूल पहुंचते ही उन्होंने महिला स्टाफ से बदसलूकी की और हंगामा किया। स्कूल प्रबंधन का दावा है कि बच्चे को किसी ने नहीं मारा है और पूरी घटना का सीसीटीवी फुटेज सुरक्षित है। स्कूल ने आरोप लगाया है कि अभिभावक ने संस्था को बदनाम करने के उद्देश्य से सोशल मीडिया पर घटना का वीडियो पोस्ट किया, जिससे स्कूल की छवि प्रभावित हो रही है। दोनों पक्षों की शिकायतें पुलिस तक पहुंच गई हैं। पुलिस अब सीसीटीवी फुटेज और अन्य तथ्यों के आधार पर मामले की जांच कर रही है।

### आदिवासी भील समाज ने मनाया भगोरिया उत्सव

**अनोखा तीर, सोहागपुर।** नगर में आदिवासी भील समाज द्वारा गुरुवार को आयोजित भगोरिया उत्सव ने एक बार फिर पारंपरिक संस्कृति और सामाजिक एकता की जीवंत झलक प्रस्तुत की। रंग-बिरंगे पारंपरिक परिधानों, ढोल-मांदल की थाप और उत्साह से भरे माहौल के बीच पूरा क्षेत्र उत्सवमय दिखाई दिया। भगोरिया उत्सव मुख्य रूप से मध्य प्रदेश के भील बहुल अंचलों में होली से पूर्व मनाया जाता है। यह केवल एक मेला नहीं, बल्कि भील समाज की सामाजिक और वैवाहिक परंपरा का महत्वपूर्ण अवसर माना जाता है। सदियों पुरानी इस परंपरा में युवक-युवतियां दूल्हा-दुल्हन की तरह सजकर मेले में पहुंचते हैं और आपसी सहमति से जीवनसाथी का चयन करते हैं। उत्सव के दौरान पारंपरिक नृत्य और लोकगीतों की प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। ग्रामीण अंचलों से बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए और पूरे आयोजन में अनुशासन एवं उत्साह का अद्भुत समन्वय देखने को मिला। भगोरिया उत्सव न केवल आदिवासी संस्कृति की पहचान है, बल्कि सामाजिक समरसता, पारंपरिक मूल्यों और पीढ़ियों से चली आ रही रीति-रिवाजों को जीवित रखने का सशक्त माध्यम भी है।



### दादा गुरु के नर्मदा परिक्रमा का सांगाखेड़ा में हुआ आगमन

**अनोखा तीर, सेमरी हरचंद।** अखंड निराहार मां नर्मदा सेवा परिक्रमा की चतुर्थ चरण में दादा गुरु का आगमन गुरुवार को सांगाखेड़ा खुर्द में हुआ। जिसमें एक दिन पूर्व पाड़ादीप मारू संगम में मनकवाड़ा वाले महाराज नेपाली बाबा की कुटिया पर बढ़ का पौधारोपण कर सतवासा में रात्रि विश्राम, प्रवचन, भजन संध्या की गई। जिसमें हजारों परिक्रमावासी दादा गुरु के साथ मां नर्मदा के प्रति श्रद्धा और विश्वास के साथ पैदल नर्मदा पथ परिक्रमा यात्रा में शामिल हुए। ग्राम सतवासा में दादागुरु एवं परिक्रमा वासियों का स्वागत एवं भोजन हुआ। दादागुरु ने अपनी वाणी के माध्यम से बताया कि इस युग में मां नर्मदा साक्षात है। गांव में जैविक कृषि की समृद्धि और उन्नति के लिए महत्वपूर्ण है। हमें जैविक खेती के लिए अग्रसर होना चाहिए यही संपन्नता है। हम गौ की रक्षा एवं सेवा करेंगे, समाज और परिवार की रक्षा, गांव की रक्षा अपने आप हो जाएगी। युवाओं को शुद्ध सात्विक बनने की आवश्यकता है। जब तक परिक्रमा निरंतर रहेगी जब तक धेनु, धरा, धर्म और प्रकृति संरक्षण संवर्धन के लिए पूर्ण समर्पित यह परिक्रमा निरंतर चलती रहेगी। ग्राम वासियों द्वारा जगह-जगह सतवासा, झालसिर, सांगाखेड़ा खुर्द से होते हुए परिक्रमा मार्गों पर ढोल-बाजे, पुष्पवर्षा कर स्वागत अभिनंदन किया। बड़ी संख्या में आसपास के ग्रामों के श्रद्धालु भक्तजन मौजूद रहे।



# खनिज एवं पुलिस की बड़ी कार्रवाई

**राइन नदी से अवैध रेत उत्खनन करते 8 ट्रैक्टर-ट्राली जप्त**



**अनोखा तीर, सोहागपुर।** क्षेत्र में अवैध उत्खनन के खिलाफ प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 8 ट्रैक्टर-ट्रालियों को जब्त किया है। यह संयुक्त कार्रवाई राजस्व, खनिज और पुलिस विभाग की टीम द्वारा की गई। जानकारी के अनुसार, राइन नदी से अवैध रूप से रेत का उत्खनन कर परिवहन किया जा रहा था। प्रशासन को सूचना मिलने पर संयुक्त दल ने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की और अवैध रूप से रेत परिवहन कर रही 8 ट्रैक्टर-ट्रालियों को पकड़ लिया। सभी जब्त वाहन सोहागपुर पुलिस थाने में खड़े कराए गए हैं। संजू चौहान ने बताया कि राइन नदी से रेत का अवैध उत्खनन करते हुए 8 ट्रैक्टर-ट्रालियों को जब्त किया गया है। खनिज विभाग द्वारा संबंधित वाहन मालिकों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। इस दौरान माइनिंग अधिकारी कृष्ण परस्ते सहित बड़ी संख्या में पुलिस बल मौके पर मौजूद रहा। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अवैध उत्खनन और परिवहन के खिलाफ आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

### वीर क्रांतिकारी विनायक दामोदर सावरकर की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की

**अनोखा तीर, इटारसी।** नगर के वीर सावरकर स्टेडियम, पुरानी इटारसी में गुरुवार को उनकी पुण्यतिथि मनाई गई। इस अवसर पर प्रतिमा पर माल्यार्पण कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई। बताया गया कि राष्ट्रभक्ति, त्याग और अदम्य साहस के प्रतीक वीर सावरकर जी का संपूर्ण जीवन हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। उनके विचार, उनका संघर्ष और राष्ट्र के प्रति उनका समर्पण सदैव हमें देशसेवा के पथ पर अग्रसर होने की प्रेरणा देता रहेगा। इस अवसर पर मुख्य रूप से नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे, भाजपा मंडल अध्यक्ष मयंक मेहतो, विधायक प्रतिनिधि अशोक मालवीय, अभिषेक कनोजिया, देवेंद्र परिहार, महामंत्री अतुल शुक्ला, उपाध्यक्ष विपुल चौधरी, प्रशांत मनवारे, दीपक कलोते, दीपक श्रीवास्तव, अंशु यादव, जतिन यादव, अनिल तिवारी, शशांक मालवीय, अंकित मेहतो, शेख अमजद सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



**सीमांकन को लेकर विरोध, राजस्व-पुलिस टीम ने की कार्रवाई**

## कोर्ट के आदेश पर 17 साल पुराना कब्जा हटा

**अनोखा तीर, इटारसी।** नगर के पुरानी इटारसी के घाटली रपटा क्षेत्र में गुरुवार को खसरा नंबर 459 की भूमि पर प्रशासनिक एक्शन हुआ। प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड, इटारसी के द्वितीय अतिरिक्त न्यायाधीश के न्यायालय के आदेश पर राजस्व और पुलिस की संयुक्त टीम ने कब्जा हटाने की कार्रवाई की। यह कार्रवाई दोपहर 1 बजे से शाम 5.30 बजे तक चली, जिसमें जेसीबी और हाइड्रा मशीनों का उपयोग कर अवैध निर्माण तोड़े गए। इस दौरान पूरे इलाके में भारी हलचल और गहमागहमी का माहौल बना रहा। यह भूमि पुरानी इटारसी के कांवड़ मोहल्ला निवासी कृष्णकांत मेहतो 50 वर्ष के नाम दर्ज बताई जा रही है। उनके भाई विनोद मेहतो के अनुसार, कृष्णकांत पिछले करीब 17 वर्षों से इस जमीन पर कब्जे के लिए कानूनी लड़ाई लड़ रहे थे। परिवार का दावा है कि सात लोगों ने लंबे समय से इस भूमि पर अवैध कब्जा कर रखा था। इससे पहले 19 अक्टूबर 2025 को भी कब्जा खाली कराने का प्रयास किया गया था, लेकिन तब सफलता नहीं मिली



थी। गुरुवार को राजस्व अधिकारियों, पुलिस बल और अन्य अमले की मौजूदगी में यह कार्रवाई तेज की गई। राजस्व निरीक्षक (आरआई) विजय कुमार किरार ने बताया कि एसडीएम के आदेश पर सीमांकन के बाद यह कार्रवाई की जा रही है और कब्जा हटाने की प्रक्रिया जारी है।

**तनाव की स्थिति बनी**

कार्रवाई के दौरान स्थानीय नागरिकों ने विरोध जताते हुए आरोप लगाया कि कब्जा खसरा नंबर 459 का है, जबकि प्रशासन खसरा नंबर 460 की ओर भी कार्रवाई बढ़ा रहा है। इस बात पर मौके पर तीखी बहस हुई और कुछ समय के लिए तनाव की स्थिति बन गई। नागरिकों ने मांग की कि केवल खसरा नंबर 459 का ही सही सीमांकन कर उसी के अनुसार भूमि सौंपी जाए। उन्होंने यह भी कहा कि यदि सीमांकन में उनकी भूमि पर अवैध कब्जा पाया जाता है, तो प्रशासन निश्चित रूप से कार्रवाई करे। प्रशासनिक कार्रवाई में जिन लोगों के मकान तोड़े गए, उनमें सुमेरा खरे, राकेश खरे, महेश खरे, ब्रजकिशोर, रामस्वरूप, विसराम खरे, महेश और रामभरोस शामिल हैं। सभी पुरानी इटारसी के मरोड़ा रोड हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी क्षेत्र के निवासी हैं।

**होली, रंग पंचमी व रमज़ान के दौरान सौहार्द्र बनाए रखने प्रशासन ने दिए निर्देश**

## त्यौहारों को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित




**अनोखा तीर, बुदनी।** आगामी त्यौहार होली, रंग पंचमी एवं चल रहे रमज़ान को ध्यान में रखते हुए स्थानीय तहसील कार्यालय में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रशासनिक अधिकारी एवं क्षेत्र के गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता तहसीलदार ललित सोनी द्वारा की गई, वहीं एसडीओपी रवि शर्मा एवं उपनिरीक्षक संदीप जाट ने सभी से शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्यौहार मनाने की अपील की। अधिकारियों ने कहा कि परीक्षाओं का समय होने से ध्वनि विस्तारक यंत्र सीमित ध्वनि स्तर पर ही उपयोग किए जाएं तथा आवश्यक अनुमति लेना अनिवार्य होगा। इसके साथ ही किसी पर जबरदस्ती रंग लगाने जैसी गतिविधियों से बचने और सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखने पर विशेष जोर दिया गया। बैठक में मुख्य रूप से नगर पालिका अध्यक्ष सुनीता अर्जुन मालवीय, सतीश गुप्ता, मंडल अध्यक्ष संतोष गौर, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सोनू राजपूत, अजीत सिंह राजपूत, मनीष बाजपेई, भानु प्रताप यादव, जोशीपुर सरपंच शिशुपाल सिंह ठाकुर, प्रमोद चौहान, नेपाल जमालिया, भूपेंद्र निमोदा, शहजाद खान, सोनू चौहान, पंकज जाट, प्रवीण भावसार, लालू यादव, सरफराज खान आदि उपस्थित रहे।

# खतरे की घंटी बना स्टेट हाईवे का जर्जर पुल, कभी भी हो सकता है बड़ा हादसा

**हाथ लगाते ही झड़ रहा मलबा, टूटी रेलिंग के बीच बेधड़क गुजर रहे भारी वाहन**



**अनोखा तीर, नर्मदापुरम।** शहर से होकर गुजरने वाले स्टेट हाईवे पर स्थित जर्जर पुल अब किसी बड़े हादसे को खुला न्योता देता नजर आ रहा है। पुल की हालत इतनी खराब हो चुकी है कि हाथ लगाने मात्र से उसका मलबा झड़ने लगता है। कई स्थानों पर कांक्रीट उखड़ चुका है और अंदर का सरिया बाहर दिखाई दे रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पुल की रेलिंग भी पूरी तरह तितर-बितर हो चुकी है। कई हिस्सों में रेलिंग टूटकर नीचे गिर चुकी है, जिससे वाहन चालकों और राहगीरों की सुरक्षा पर गंभीर खतरा मंडरा रहा है। इसके बावजूद इस मार्ग से भारी वाहनों की पुल से आवाजाही लगातार जारी है।

यह पुल स्टेट हाईवे पर स्थित है, जहां दिनभर ट्रकों, बसों और अन्य भारी वाहनों का दबाव बना रहता है। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि समय रहते मरम्मत या वैकल्पिक व्यवस्था नहीं की गई, तो कभी भी पुल का कोई हिस्सा भरभरा कर गिर सकता है। नागरिकों ने आशंका जताई है कि यदि प्रशासन ने जल्द कदम नहीं उठाए तो जबलपुर जैसे हादसे की पुनरावृत्ति से इनकार नहीं किया जा सकता। लोगों ने मांग की है कि पुल की तकनीकी जांच कर तत्काल भारी वाहनों की आवाजाही पर रोक लगाई जाए और आवश्यक मरम्मत कार्य शीघ्र शुरू किया जाए। फिलहाल प्रशासन की ओर से इस संबंध में कोई स्पष्ट कार्रवाई नजर नहीं आ रही है, जिससे आमजन में नाराजगी बढ़ती जा रही है।

### एकता ही संगठन की सबसे बड़ी शक्तिः प्रवीण शर्मा

**अनोखा तीर, खंडवा।** एनएचडीसी लिमिटेड के ओंकारेश्वर पावर स्टेशन में आयोजित कार्यक्रम में जिला मंत्री प्रवीण शर्मा ने कर्मचारी एकजुटता पर बल देते हुए कहा कि संगठन की एकता ही सबसे बड़ी शक्ति है। उन्होंने कहा कि अनुशासन, समर्पण और आपसी विश्वास के आधार पर ही कर्मचारी हितों की प्रभावी सुरक्षा संभव है। उन्होंने कहा कि सकारात्मक सोच और निष्ठा से कार्य करने पर संस्थान की प्रगति के साथ समाज में भी सशक्त संदेश जाता है। पारस्परिक संवाद और सहयोग को समय की आवश्यकता बताते हुए सभी सदस्यों से एकजुट रहने का आह्वान किया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन से हुआ। अध्यक्ष प्रमोद कुमार सिंह एवं कर्मचारी संघ पदाधिकारियों ने अतिथियों का स्वागत किया।



**सड़क, पेड़ छंटाई और पीएम आवास के लिए पहुंचे आवेदन**



## नगर पालिका में हुई जनसुनवाई

**अनोखा तीर, नर्मदापुरम।** स्थानीय नगर पालिका परिषद में प्रति गुरुवार आयोजित होने वाली जनसुनवाई में इस सप्ताह भी नागरिकों ने अपनी समस्याएं रखीं। जनसुनवाई के दौरान सड़क निर्माण, पेड़ छंटाई, पीएम आवास, सफाई व्यवस्था, पानी निकासी और अनुकंपा नियुक्ति से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव ने संबंधित शाखा प्रभारियों को निर्देशित किया कि जनसुनवाई में प्राप्त सभी शिकायतों का तत्काल प्रभाव से निराकरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि आम नागरिकों की समस्याओं के समाधान में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कार्यालय अधीक्षक योगेश सोनी ने जानकारी देते हुए बताया कि नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले के मार्गदर्शन में नियमित रूप से जनसुनवाई आयोजित की जा रही है, जिससे नागरिकों को सीधा लाभ मिल रहा है। गुरुवार को आयोजित जनसुनवाई में लगभग 10 से 12 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से अधिकांश का मौके पर ही निराकरण किया गया, जबकि कुछ प्रकरणों में जांच उपरांत समाधान का आश्वासन दिया गया। वार्ड क्रं 30 की एक महिला अनुकंपा नियुक्ति के संबंध में आवेदन लेकर पहुंची, जिस पर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए। जनसुनवाई के दौरान पार्षद राहुल गौर, पार्षद प्रतिनिधि पूनम मेषकर, उपयंत्री दीक्षा तिवारी, रीना गुप्ता, आयुषी रिछारिया सहित नगर पालिका के कर्मचारी राखी चौकसे, मंजू मालवीय, सुनीता गबई, नंदा संतोरे, अर्चना मंडल, संदीप यादव एवं अन्य स्टाफ मौजूद रहे।

## नेहरू पार्क चौपाटी पर अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई, टेबल-कुर्सियां जप्त



**यातायात बाधित करने वालों को चेतावनी, प्रतिदिन जारी रहेगी नगर पालिका की मुहिम**

**अनोखा तीर, नर्मदापुरम।** शहर में यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के उद्देश्य से नगर पालिका परिषद की टीम द्वारा अतिक्रमण के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। बार-बार समझाइश देने के बावजूद सड़क किनारे व्यवसाय कर मार्ग अवरुद्ध करने वाले लोगों पर अब सख्त कदम उठाए जा रहे हैं। नगर पालिका के अतिक्रमण दल ने गुरुवार को नेहरू पार्क चौपाटी क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए सड़क किनारे रखी 2 टेबल और 12 कुर्सियां जब्त कीं। इस दौरान संबंधित लोगों को सख्त चेतावनी भी दी गई कि भविष्य में मार्ग अवरुद्ध करने पर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी, जिसकी जिम्मेदारी संबंधित व्यक्ति की होगी। अतिक्रमण दल के सहप्रभारी सुनील राजपूत ने बताया कि नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले के निर्देश पर शहर में यातायात को सुगम बनाने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। सड़क किनारे व्यवसाय कर यातायात में बाधा उत्पन्न करने वालों को पहले समझाइश दी जाती है, लेकिन नियमों का पालन नहीं करने पर जब्ती और अन्य वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। नगर पालिका ने स्पष्ट किया है कि यह कार्रवाई प्रतिदिन जारी रहेगी और सार्वजनिक मार्गों पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### लोक अदालत में प्रकरणों को राजीनामे से समाप्त कराने में सहयोग करें : न्यायाधीश

**अनोखा तीर, सिवनी मालवा।** नेशनल लोक अदालत 14 मार्च को आयोजित की जा रही है। जिसमें आप सभी पक्षकारों को आपसी सहमति के लिए सहमत करके उनके प्रकरणों को समाप्त कराने में सहयोग प्रदान करें। उक्त बात जिला न्यायाधीश श्रीमती तबस्सुम खान ने न्यायालय परिसर के मध्यस्थता केंद्र में 26 फरवरी 26 को आयोजित बैठक में अधिकारियों, नपाकर्मियों, बैंक कर्मियों और अधिवक्ताओं से कही। श्रीमती खान ने अधिकारियों, नपा कर्मियों, बैंक प्रबंधको और अधिवक्ताओं से कहा कि नेशनल लोक अदालत की जानकारी सभी तक पहुंचाएं। जिससे अधिक से अधिक नागरिक इसका लाभ उठा सकें। इसके लिए आप भी अपने स्तर से सभी तक लोक अदालत की जानकारी पहुंचाए। लोक अदालत में आपसी सहमति के आधार पर न्यायालय में चल रहे प्रकरणों में राजीनामा होने के बाद समाप्त किये जाते हैं, जिनकी कहीं अपील नहीं होती है। लोक अदालत का लाभ सभी उठाकर अपने प्रकरणों को राजीनामा करके समाप्त करा सकते हैं। उन्होंने अधिवक्ताओं से कहा कि आप भी अपने पक्षकारों में सहमति बनाकर राजीनामा के लिए सहमत करें। बैठक में नपा सीएमओ अमर सिन्ह उइके के प्रतिनिधि उप राजस्व निरीक्षक हेमंत चौकसे ने जानकारी दी कि शासन के निर्देशानुसार नेशनल लोक अदालत में सम्पत्ति कर और जलकर की बकाया राशि के अधिभार में विशेष छुट दी जाएगी। बैठक में न्यायाधीश अंजली अग्रवाल, बैंक प्रबंधक, बैंक कर्मी, नगरपालिका के अधिकारी-कर्मचारी, अन्य अधिकारीगण और अधिवक्तागणों में राजेश मिश्रा, कर्मचारी गण उपस्थित रहे।



# जनता बैंक चौराहे पर जर्जर मार्केट ध्वस्त

● **नगर निगम ने सुरक्षा कारणों से की कार्रवाई, नया भवन बनेगा**

**अनोखा तीर, देवास।** जनता बैंक चौराहे पर बना पुराना और जर्जर मार्केट गिरा दिया गया है। नगर निगम ने यह कार्रवाई लोगों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए की। अधिकारियों के मुताबिक यह मार्केट काफी साल पुराना था और इमारत की हालत बहुत खराब हो चुकी थी। दीवारें और ढांचा कमजोर हो गया था, जिससे कभी भी हादसा हो सकता था। इसी खतरे को देखते हुए जेसीबी मशीन से पूरे भवन को तोड़ दिया गया। नगर निगम की राजस्व अधिकारी अनुभूति श्रीवास्तव ने बताया कि यह मार्केट निगम के अनुबंध पर था और दुकानों को पहले लीज पर दिया गया था। समय के साथ इमारत की स्थिति लगातार बिगड़ती गई। उच्च न्यायालय के निर्देश के बाद इसे हटाने का फैसला लिया गया। निगम ने कहा है कि अब इस जगह के लिए नया टेंडर जारी किया जाएगा। यहां एक नई और आधुनिक मार्केट बनाई जाएगी, जिसमें बेहतर और सुरक्षित



सुविधाएं होंगी। नगर निगम का कहना है कि यह कदम लोगों की सुरक्षा और शहर के बेहतर विकास को ध्यान में रखकर उठाया गया है।

### अग्रवाल समाज ने आयोजित किया स्वास्थ्य शिविर

# शिविर में आए मरीजों की भोपाल में होगी नि:शुल्क सर्जरी

**अनोखा तीर, बैतूल।** नगर के अग्रवाल समाज के तत्वावधान में गुरुवार को गंज स्थित राधाकृष्ण धर्मशाला में प्रभात श्री हास्पिटल के द्वारा निःशुल्क मेडिकल चेकअप कैंप आयोजित किया गया। शिविर का शुभारंभ अग्रवाल समाज के संरक्षक एवं वरिष्ठ अधिवक्ता प्रशांत गर्ग, वरिष्ठ समाजसेवी एवं अग्रवाल समाज के संरक्षक श्याम अग्रवाल ने फीता काटकर किया।

शिविर में वरिष्ठ सर्जन रमेश बड़वे एवं ईएनटी विशेषज्ञ डॉ. जेपी बुच का अग्रवाल समाज द्वारा सम्मान किया गया। इसके पश्चात शिविर में चेकअप के लिए आए मरीजों की जांच शुरू की गई। अग्रवाल समाज के अध्यक्ष प्रमोद अग्रवाल ने बताया कि दोपहर तक लगभग 150 मरीजों के पंजीयन हुए थे। इनमें से कई मरीजों की सर्जरी के लिए चिकित्सकों ने उन्हें भोपाल रेफर किया है। समाजसेवी मनीष दीक्षित ने बताया कि इस शिविर में आए



मरीजों की सर्जरी भोपाल के प्रभात श्री अस्पताल में की जाएगी। उन्होंने बताया कि जिन मरीजों के पास आयुष्मान कार्ड हैं और जिनके पास नहीं है उन्हें अन्य योजनाओं के माध्यम से उनकी निःशुल्क सर्जरी की जाएगी। डॉ. राम देशमुख, डॉ. वरुण सिंह सहित अन्य विशेषज्ञ डॉक्टर मरीजों की जांच की। शिविर में शुगर, हीमोग्लोबिन और डायबिटीज की जांच निःशुल्क की गई। इसके अलावा बीएमडी हड्डी जांच और न्यूरोपैथी की जांच भी मुफ्त की गई। शिक्षाविद् कांत दीक्षित, राजकुमार अग्रवाल, सत्यनारायण अग्रवाल, संजय अग्रवाल, बबलू अग्रवाल, राजू अग्रवाल, शक्ति अग्रवाल सहित अन्य सामाजिक बंधु उपस्थित थे।

## सार-समाचार

### गेहूं के खेत में लगी आग, लाखों का नुकसान



**अनोखा तीर, खातेगांव।** नगर के समीप ग्राम भंवरास में किसान रामविलास पिता सुंदरलाल जायसवाल के खेत में गेहूं की पक्की फसल में दोपहर 03 बजे आग लगने से खेत में गेहूं की फसल पूर्ण रूप से जलकर नष्ट हो गई। किसान जायसवाल ने बताया कि शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगी है। 5 एकड़ की भूमि पर गेहूं लगे थे, आग के कारण संपूर्ण गेहूं जल कर नष्ट हो गया। किशन जायसवाल ने प्रशासन को सूचना दी जिसके बाद काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।

### विकासखंड में कबड्डी का ट्रायल आयोजित

**अनोखा तीर, खातेगांव।** नवाचार पारम्पारी खेलो को बढ़ावा देने के लिए जिला पंचायत द्वारा आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता का चयन ट्रायल विकासखंड खातेगांव के स्वर्गीय श्रीमती सुषमा स्वराज स्टेडियम में रखा गया। बताय गया कि मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत सीईओ विकास कटारिया व जीतू जयसवाल जनपद पंचायत टीम के मार्गदर्शन व



उपस्थिति में कार्यक्रम करवाया गया। जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए सीईओ द्वारा चयनित खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी गई एवं कार्यक्रम मे विशेष सहयोगी खेल शिक्षक योगेश जानी, राजेश विश्नोई, सचिव गणेश यादव, विजय यादव, तेजाराम जाट, अजय यादव, चन्दन यादव व श्रमहेंद्र राजपूत, संजना विंजवा, श्रुति यादव, योगिता साहू, खुशबु यादव आदि की उपस्थिति में कबड्डी चयन प्रतियोगिता संपन्न हुई। कार्यक्रम का संचालन राजेश विश्नोई ने किया एवं आभार खेल युवा समन्वयक रीमा बछानिया ने माना। बताया गया कि यह टीम जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में विकासखंड टीम का प्रतिनिधित्व करेगी।

### अवैध शराब मामले में फरार मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**अनोखा तीर, भैंसदेही।** स्थानीय पुलिस ने 262.64 लीटर अवैध शराब जप्ती के मामले में फरार मुख्य आरोपी उमेश खंडाइत को गिरफ्तार किया है। प्राप्त जानकारी अनुसार पुलिस ने 22-23 फरवरी की रात्रि में धामनगांव तरफ से आ रही एक स्कॉर्पियो वाहन को पकड़ा था, जिसमें भारी अवैध शराब भरी थी, जो भैंसदेही तरफ जा रही थी। तालाशी के दौरान स्कॉर्पियो वाहन में 262.64 लीटर अंग्रेजी अवैध शराब 30 पेटी कीमत 3 लाख 44 हजार



112 रुपए मिला मय स्कॉर्पियो वाहन एवं अवैध मदिरा के जप्त किया। वहीं आरोपीगणों के विरुद्ध धारा 34(2) आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर एक आरोपी को पूर्व में ही गिरफ्तार कर न्यायालय के आदेश से जिला जेल भेजा गया था। वहीं प्रकरण में अन्य फरार आरोपियों की तलाश जारी थी। पुलिस ने 25 फरवरी को मुख्य आरोपी उमेश खंडाइत को गिरफ्तार किया। न्यायालय के आदेश से जिला जेल बैतूल भेजा गया। गिरफ्तार मुख्य आरोपी उमेश खंडाइत का पूर्व से भी अवैध शराब परिवहन विक्रय का आपराधिक रिकॉर्ड है। मामले से जुड़े अन्य आरोपीगणों की तलाश एवं प्रकरण की विवेचना जारी है।

### साधु-संतों की मौजूदगी में...

# धर्मांतरित 50 किन्नरों की सनातन में हुई वापसी

● **राष्ट्रीय हिन्दू सेना, भगवा पार्टी और गौ क्रांति दल के सहयोग से मां ताप्ती तट पर हुआ शुद्धिकरण संस्कार**

**अनोखा तीर, बैतूल।**

मध्यप्रदेश के बैतूल जिले में स्थित मां ताप्ती उगदम् तीर्थ एक बार फिर ऐतिहासिक धार्मिक आयोजन का साक्षी बना। किन्नर अखाड़ा के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में धर्म परिवर्तन कर चुके 50 किन्नरों की हिंदू रीति-रिवाजों और धार्मिक परंपराओं के साथ घर वापसी कराई गई। राष्ट्रीय हिन्दू सेना, भगवा पार्टी और गौ क्रांति दल के सहयोग से संपन्न हुए इस आयोजन में मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र के कई जिलों से सैकड़ों किन्नर और हिंदू संगठनों के प्रतिनिधि शामिल हुए। किन्नर अखाड़ा के संस्थापक आचार्य ऋषि अजय दास के मार्गदर्शन में मुलतापी स्थित तीर्थ क्षेत्र में हवन, पूजन और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। साधु-संतों, महात्माओं और किन्नर अखाड़ा के महामंडलेश्वरों व जगद्गुरुओं की उपस्थिति में धर्मांतरित किन्नरों को धार्मिक ग्रंथों की शपथ दिलाई




गई। पवित्र 7 कुंडों के जल से अभिषेक कर, गौमूत्र से छिड़काव कर और मां ताप्ती उगदम् में स्नान कराकर उन्हें सनातन धर्म में पुनः शामिल किया गया।

**आरोपों के बीच आयोजन का उद्देश्य-** भगवा पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष शिव कुमार भार्गव ने आरोप लगाया कि विधर्मियों द्वारा हिंदू किन्नरों को डरा-धमका कर धर्मांतरण कराया जा रहा था और उनकी कमाई को विशेष समुदाय में फंडिंग के लिए उपयोग किया जा रहा था। उन्होंने यह भी कहा कि विरोध करने पर मारपीट तक की घटनाएं हुईं। इसी पृष्ठभूमि में यह आयोजन किया गया।

**सनातन परंपरा की पुर्नस्थापना का दावा-** जगत गुरु काजल ठाकुर मां ने कहा कि देशभर में सनातन परंपरा से जुड़े किन्नरों को कथित रूप से प्रताड़ित कर धर्म परिवर्तन कराया जा रहा था। किन्नर अखाड़ा और हिंदू संगठनों के सहयोग से ऐसे धर्मांतरित किन्नरों की घर वापसी कराई जा रही है। गौ कांति दल के अध्यक्ष दिनेश कालभोर ने बताया कि मां ताप्ती के सभी पवित्र कुंडों के जल से शुद्धिकरण कर विधि-विधान से 50 किन्नरों की घर वापसी कराई गई। राष्ट्रीय हिन्दू सेना के प्रदेश अध्यक्ष दीपक मालवीय ने कहा कि संगठन को लगातार धर्मांतरण की सूचनाएं मिल रही थीं, जिसके बाद संपर्क कर यह सामूहिक कार्यक्रम आयोजित किया गया।

**मंदिरों में पूजन के साथ कांस्यघंटा किया अर्पण-** कार्यक्रम के दौरान सूर्य पुत्री मां ताप्ती के प्राचीन मंदिर, मां ताप्ती कुंड और मां काली मंदिर में विधि-विधान से पूजन-अर्चन किया गया तथा मां के चरणों में घंटा अर्पित किया गया।

# निर्माणाधीन इंदौर-बैतूल राष्ट्रीय राजमार्ग पर नहीं रुक रहा दुर्घटनाओं का दौर

### - संकेत के अभाव में हो रही दुर्घटनाएं

**अनोखा तीर, खातेगांव।**

नगर से होकर गुजरने वाले इंदौर-बैतूल राष्ट्रीय राजमार्ग पर दुर्घटनाएं रुकने का नाम नहीं ले रही हैं। दिन-प्रतिदिन वाहन दुर्घटनाएं हो रही है और संबंधित विभाग के जिम्मेदार अधिकारी-कर्मचारियों की इस ओर नजर नहीं है। ज्ञात हो कि निर्माणाधीन इंदौर-बैतूल राष्ट्रीय राजमार्ग पर आने को स्थान पर सांकेतिक नहीं होने से वाहन चालक तीव्र गति से चलते हैं। आंतरिक मार्ग पर भी संकेत नहीं होने के कारण दुर्घटनाएं हो रही हैं। खातेगांव के समीप ही गुरुवार को फिर एक डंपर चालक में मोटरसाइकिल सवार को टक्कर मारी। मिली जानकारी के अनुसार संतोष पावर बरछा दोनों बाप-बेटे खातेगांव ब्रिज से निकल कर खातेगांव जा रहे थे। तभी अजनास रोड




चौराहा से सर्विस रोड संदलपुर की तरफ आ रहे डंपर ने सामने से टक्कर मार दी। जिसमें दोनों घायल हो गए, राहगीरों की मदद से दोनों को निजी अस्पताल पहुंचाया गया जहां उपचार जारी है।

### ट्रेंचिंग ग्राउंड पर मिले गायों के शव मामले में निगम अधिकारी निलंबित

**- कांग्रेस नेता ने महापौर के इस्तीफे की मांग की**

**अनोखा तीर, देवास।** नगर के ट्रेचिंग ग्राउंड पर खुले में पड़े गायों के शव मिलने से नगर निगम की व्यवस्थाओं पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। नियमानुसार मृत पशुओं को गड्ढे में दफनाया जाना चाहिए, लेकिन कई गायों के अवशेष खुले में पाए गए, जिससे स्पष्ट लापरवाही सामने आई। बुधवार को इसका वीडियो सामने आया था। घटना की जानकारी मिलते ही कांग्रेस नेता प्रदीप चौधरी ट्रेचिंग ग्राउंड पहुंचे। उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों और कर्मचारियों से घटनाक्रम पर चर्चा की और व्यवस्थाओं पर नाराजगी व्यक्त की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने नगर निगम की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए। इसके साथ हीं आरोप लगाया कि नगर निगम में जिम्मेदार पदों पर बैठे लोग गाय के नाम पर चुनाव जीतते हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर व्यवस्थाएं विफल हैं। चामुंडा माता की नगरी में ऐसी घटनाएं शहर की छवि को धूमिल करती हैं। चौधरी ने महापौर से नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए इस्तीफा देने की मांग की है। इस मामले में प्रशासनिक कार्रवाई करते हुए निगम कमिश्नर दलीप कुमार ने नगर निगम के अधिकारी जितेंद्र सिसोदिया को निलंबित कर दिया है। साथ ही, दो अन्य अधिकारी-कर्मचारियों का सात-सात दिनों का वेतन काटने के निर्देश दिए गए हैं। मामले की जांच भी शुरू कर दी गई है। यह पूरा घटनाक्रम सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद सामने आया था।

# खातेगांव नरेश बाबा श्याम को आज लगेगा 551 किलो खिचड़ी महाप्रसादी का भोग

### -निकलेगी विशाल निशान यात्रा, होगा श्याम संकीर्तन

**अनोखा तीर, खातेगांव।** फागुन माह में भक्तों को फाग उत्सव का अद्भुत आलोकित आनंद मिलता है। लाखों श्रद्धालु बाबा खाटू श्याम के दर्शन-पूजन को पहुंचते हैं। इसी श्रृंखला में खातेगांव नरेश बाबा खाटू श्याम के मंदिर में 27 फरवरी को आस्था, श्रद्धा भक्ति का जनसैलाव दिखाई देगा। बताया गया कि 27 फरवरी को एकादशी के पावन अवसर पर खातेगांव गणेश मंदिर से विशाल निशान यात्रा निकलेगी। जिसमें बड़ी संख्या में श्याम भक्त श्रद्धालुगण में दूर-दूर से श्रद्धालु पहुंचेंगे। निशान यात्रा के बाद रात्रि को खातेगांव नरेश के दरबार में विशाल श्याम संकीर्तन एवं फाग महोत्सव का आयोजन होगा। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर बाबा की भक्ति में रंग-गुलाल से सरोवर होंगे। बताया गया कि दूर-दूर से श्याम भक्त वर्ष भर फागुन माह की इस एकादशी का इंतजार करते हैं। जिस प्रकार श्रद्धालुओं की लंबी-लंबी करें खाटू श्याम में दिखाई दे रही हैं, उसी प्रकार क्षेत्र के श्रद्धालु खातेगांव नरेश के दरबार में पहुंचते हैं। बताया गया कि 27 फरवरी को शाम 07 बजे बाबा खाटू नरेश की महाआरती में बाबा को 56 भोग लगेगा एवं 551 किलो फलिहारी खिचड़ी की महाप्रसादी का भोग बाबा के भक्तों को वितरित किया जाएगा। 27 फरवरी रात्रि 08 बजे खातेगांव नरेश खाटू श्याम के दरबार में देश के जाने-माने श्याम भजन गायक आकाश भट्ट राजस्थान इंडियन आइडल के कलाकार अपनी टीम के साथ श्याम संकीर्तन में हाजिरी लगाएंगे। इसी अवसर पर क्षेत्र के उभरते हुए बाल कलाकार कृष्ण तुलसीराम गुर्जर बछखाल के साथ श्याम संकीर्तन में सौम्या म्यूजिक ग्रुप कोटा भी अपनी अद्भुत प्रस्तुतियां खातेगांव नरेश के दरबार में पेश करेंगे। राजस्थान की माटी के प्रसिद्ध कलाकारों का अद्भुत समागम खातेगांव नरेश के दरबार में दिखाई देगा। खाटू श्याम समिति के सदस्यों ने समस्त श्याम भक्तों से अपील की है कि फागुन माह के इस पावन अवसर पर कार्यक्रम में पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाएं।



### ग्रीन बेल्ट की भूमि पर पौधों को नुकसान पहुंचाने पर निगम ने किया स्पॉट फाईन

अनोखा तीर, देवास। आयुक्त दलीप कुमार के निर्देशानुसार एबी रोड विकास नगर चौराहा से सनसीटीकृतक ग्रीन बेल्ट की भूमि पर आना कार बाजार, चामुण्डा मोटर्स के संचालाकों द्वारा कार पार्किंग कर पौधों को नुकसान पहुंचाया जा रहा था। जिसको लेकर निगम स्वास्थ्य विभाग की टीम के द्वारा दोनों संचालकों पर मौके पर ही राशि रुपए 8 हजार की स्पॉट फाईन की कार्यवाही की गई। निगम स्वास्थ्य समिति अध्यक्ष धर्मेन्द्रसिंह बैस ने आना कार बाजार एवं चामुंडा मोटर्स के संचालकों से कहा कि जितने पौधों को नुकासान पहुंचाया गया है उन पौधों को स्वंय के व्यय पर पुनः रौपें। कार्वाई में निगम मुख्य स्वच्छता निरीक्षक हेमंत उबनारे, उद्यान विभाग से रवि पाटीदार, रिमूवल टीम से अबरार पठान उपस्थित रहे।

# दमन में गूंजा मप्र का परचम

● **अस्मिता वूमेंस लीग सब जूनियर में ओवरऑल चैंपियन**




**अनोखा तीर, देवास।**

दमन के कोली पटेल समाज भवन में 24 और 25 फरवरी को आयोजित अस्मिता वूमेंस लीग वेस्ट जोन इवेंट्स में मध्य प्रदेश ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सब जूनियर वर्ग में ओवरऑल चैंपियनशिप अपने नाम की। इस प्रतियोगिता में वेस्ट जोन के आठ राज्यों - मध्य प्रदेश, राजस्थान, गुजरात, गोवा, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, लक्षद्वीप और दमन-दीव के लगभग 600 खिलाड़ियों, रेफरी एवं ऑफिशियल्स ने हिस्सा लिया। पेंचक सिलाट एसोसिएशन मध्य प्रदेश के अध्यक्ष अबरार अहमद शेख एवं महासचिव अभय श्रीवास ने बताया कि प्रदेश के भोपाल, इंदौर, बालाघाट, सिवनी, जबलपुर, राजगढ़, रायसेन और देवास जिलों से कुल 81 खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता में भाग लिया। खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 13 स्वर्ण, 5 रजत और 10 कांस्य पदक सहित कुल 28 पदक अर्जित किए। मध्य प्रदेश ने सब जूनियर वर्ग में प्रथम तथा सीनियर वर्ग में तृतीय स्थान प्राप्त कर वेस्ट जोन में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई।

**देवास के खिलाड़ियों का दमदार प्रदर्शन-** सब जूनियर वर्ग में - वैष्णवी झाला ने सोलो इवेंट में स्वर्ण पदक तथा टैंडिंग (43-47 किग्रा) में स्वर्ण पदक जीता। हर्षिल पटेरिया ने 51-55 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक और टूंगल इवेंट में भी स्वर्ण पदक हासिल किया। जानवी सरकार ने 78-92 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक अपने नाम किया। अर्शी सोमानी और यार्निका वर्मा ने गांडा इवेंट में स्वर्ण पदक जीता। अर्शी सोमानी ने सोलो में रजत तथा यार्निका वर्मा ने टूंगल में कांस्य पदक प्राप्त किया। सीनियर वर्ग में - भूमिका जैन ने टूंगल इवेंट में स्वर्ण पदक जीता। दिशा रेड्डी ने सोलो में स्वर्ण तथा टूंगल में रजत पदक अर्जित किया। गांडा इवेंट में दिशा रेड्डी और जागृति योगी ने स्वर्ण पदक जीता। रेगु इवेंट में भूमिका जैन, महिमा पटेल और जैनब खान ने स्वर्ण पदक हासिल किया। जागृति योगी ने टेंडिंग (-45 किग्रा) में रजत तथा महिमा पटेल ने (-55 किग्रा) में कांस्य पदक जीता। दिशा कारपेंटर, प्रतिष्ठा ठाकुर, त्रिशा चावड़ा, बानी सोमानी और ग्रहीता वर्मा का प्रदर्शन भी सराहनीय रहा। खिलाड़ियों की इस शानदार उपलब्धि पर देवास की विधायक श्रीमती गायत्री राजे पवार, जिलाध्यक्ष राय सिंह सेंधव, पूर्व जिलाध्यक्ष राजीव खंडेलवाल, महापौर श्रीमती गीता दुर्गेश अग्रवाल, नेता प्रतिपक्ष मनीष सेन, संस्था अध्यक्ष अबरार अहमद शेख, उपाध्यक्ष प्रमोद डोंगलिया, कोषाध्यक्ष संदीप जाधव, उत्कृष्ट विद्यालय के प्राचार्य सुधीर सोमानी सहित मध्य प्रदेश के समस्त पदाधिकारियों, रेफरी, कोच और पालकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं। मध्य प्रदेश की इस ऐतिहासिक सफलता ने वेस्ट जोन में प्रदेश का मान बढ़ाया है और आगामी राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए खिलाड़ियों का मनोबल भी ऊंचा किया है।

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं विधान गाईन पिता जलधर गाईन ग्राम फुल्बेरिया, पो. बादलपुर, तह. घोड़ाडोंगरी जिला बैतूल म.प्र. का निवासी हूं। मेरे पासपोर्ट G6457022 एवं राष्ट्रीय कोर्ड IND में मेरा नाम बिधान (BID-HAN) सरनेम गाईन (GIAN) पिता का नाम जलाधार (JALADHAR), ग्राम फुलबेरिया (PHULABERIYA) लिखा हुआ है, जो कि गलत है। जबकि आधार कार्ड में मेरा नाम विधान (VIDHAN) सरनेम गाईन (GAIN) पिता का नाम जलधार (JALDHAR) तथा ग्राम फुल्बेरिया (FULBERIYA) लिखा है, जो कि सत्य एवं सही है। मैं अपने पासपोर्ट में अपना नाम, पिता का नाम, सरनेम एवं घर का पता आधार कार्ड के अनुसार लिखवाना चाहता हूं।

**आवेदक -विधान गाईन पिता जलधर गाईन, ग्राम फुल्बेरिया, पो. बादलपुर, तह. घोड़ाडोंगरी, जिला-बैतूल म.प्र.**

**स्वामी,** प्रकाशक एवं मुद्रक प्रहलाद शर्मा द्वारा श्री सिद्धीविनायक प्रिंटर्स, देशबंधु परिसर, प्लॉट नं.26-बी, प्रेस कॉम्पलेक्स, जोन-1, एम.पी.नगर, भोपाल,म.प्र. से मुद्रित अनोखा तीर कार्यालय नया बस स्टैंड के सामने, हरदा, म.प्र. से प्रकाशित। **प्रधान संपादक** सुरेश लोहाना / **संपादक** प्रहलाद शर्मा / **प्रबंध संपादक** महेश कौशिक। फोन : 07577-226771 मो.9425045480, समाचार चयन के लिए पी.आर. बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। **सभी विवादों का न्याय क्षेत्र हरदा रहेगा।**

## सार-समाचार

# फरवरी में ही घटने लगा जलस्तर, कई हैंडपंप और ट्यूबवेल तोड़ने लगे दम

**अनोखा तीर, मसनगांव।** गर्मी की आहट से पहले ही ग्रामीण क्षेत्रों में जलस्तर तेजी से घटने लगा है। क्षेत्र के कई हैंडपंप और ट्यूबवेल फरवरी माह में ही जवाब देने लगे हैं। समय से पहले जल संकट की आशंका से ग्रामीणों में चिंता बढ़ गई है। स्थिति यह है कि नहर का पानी अभी नदी–नालों में बह रहा है, इसके बावजूद भू–जल स्तर गिरता जा रहा है। ग्राम गांगला में जलस्तर कम होने से नल–जल योजना के तहत पानी की आपूर्ति प्रभावित होने लगी है। यही स्थिति सालाबेड़ी, डोमनमऊ सहित अन्य गांवों में भी बनने लगी है। डोमनमऊ के किसान दीपक पटेल ने बताया कि जलस्तर घटने के कारण फरवरी माह में ही कई ट्यूबवेल और हैंडपंप झटके मारने लगे हैं। उनका कहना है कि यदि अभी यह स्थिति है तो गर्मी शुरू होते ही हालात और गंभीर हो सकते हैं। उन्होंने बताया कि पिछले कुछ वर्षों से ग्रीष्मकालीन मूंग की



फसल के साथ रबी सीजन में मक्का का रकबा बढ़ने से पानी का दोहन अधिक हो रहा है, जबकि वर्षा की मात्रा लगातार कम होती जा रही है। परिणामस्वरूप बारिश के दिनों में भी कुओं और ट्यूबवेलों का जलस्तर सामान्य नहीं रह पाता। अधिक पानी की आवश्यकता वाली फसलों की बुवाई का सीधा असर भूजल स्तर पर पड़ रहा है।

### नदी-नालों में स्टॉप डैम की व्यवस्था नहीं

क्षेत्र में पिछले कुछ वर्षों से नदी–नालों में स्टॉप डैम का निर्माण नहीं होने से बारिश और नहर का पानी संग्रहित होने के बजाय बहकर निकल जाता है। जल संग्रहण के स्थायी उपायों को प्राथमिकता न मिलने से हर साल गर्मी में स्थिति गंभीर होती जा रही है। ग्राम की देदली नदी में डोली घाट पर पूर्व में स्टॉप डैम बना हुआ था, जिसे पुलिया निर्माण के दौरान तोड़ दिया गया। तब से गांव में वर्षा और रबी सीजन में चलने वाली नहर का पानी संग्रहित नहीं हो पाता। पहले स्टॉप डैम में पानी भरा रहने से गर्मी में भी जलस्तर बना रहता था। पिछले कुछ वर्षों से पंचायत द्वारा जलस्तर बनाए रखने के लिए नए स्टॉप डैम का निर्माण नहीं किए जाने से गर्मी की शुरुआत में ही नदी–नालों में पानी सूखने लगता है। जो थोड़ा बहुत पानी बचता है, उसका उपयोग किसान मूंग की फसल में कर लेते हैं। इससे न केवल जलस्तर गिरता है, बल्कि वन्य प्राणियों और मवेशियों के सामने भी पेयजल का संकट खड़ा हो जाता है।

# सांई धाम सिराली में सफल रक्तदान शिविर संपन्न





**अनोखा तीर, सिराली।** जिला अस्पताल में रक्त की कमी को दूर करने के उद्देश्य से सांई धाम सिराली में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में क्षेत्र के लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए लगभग 82 यूनिट रक्तदान किया। जिला अस्पताल हरदा में इन दिनों रक्त की अत्यधिक कमी महसूस की जा रही थी। इसी को ध्यान में रखते हुए सांई धाम समिति ने पहल करते हुए शिविर आयोजित किया। जिला अस्पताल से आई चिकित्सकीय टीम ने डॉ.दिव्या यादव एवं स्टाफ के सहयोग से लगातार चार घंटे तक सेवाएं देते हुए रक्त संग्रह की प्रक्रिया को सफलतापूर्वक पूर्ण किया। समाजसेवी मनोहरदास अग्रवाल ने सभी रक्तदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए सांई धाम की इस सराहनीय पहल की प्रशंसा की। सांई धाम के दयाशंकर करोड़े ने रक्तदाताओं एवं जिला अस्पताल से आई टीम और कर्मचारियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। रक्तदान शिविर में समाजसेवी मनोहरदास अग्रवाल, नर्मदा प्रसाद, माणकचंद सेठ, कुंजबिहारी सोमानी, दिनेश करोड़े, दयाशंकर करोड़े, वेदप्रकाश शर्मा, बंटी भायरे, राहुल शाह, शिवदास गुर्जर, मथुरादास बुचा, बीजू शास्त्री, लालू राजपूत, नारायण बाके, दिना करोड़े, अंकित मोकाती, भगवान सिंह राजपूत एवं मुकेश टाले सहित अनेक गणमान्य नागरिक विशेष रूप से उपस्थित रहे। आयोजकों ने भविष्य में भी जनहित में ऐसे कार्यक्रम आयोजित करने की बात कही। शिविर की सफलता से क्षेत्र में सेवा, सहयोग एवं मानवता की भावना को बल मिला है।

# शुरु होने से पहले झुकी पानी की टंकी

### -कॉलम में आई दरार, ग्रामीण भयभीत





**अनोखा तीर, सिराली।** जनपद पंचायत हरदा की ग्राम पंचायत मोहनपुर में पानी की टंकी के झुकाव से ग्रामीण भयभीत हैं। जल जीवन मिशन अंतर्गत ग्राम में बनी पानी की टंकी लोगों की प्यास बुझाने की जगह उनकी धड़कनें बढ़ा रही है। ग्रामीणों की माने तो कारण है टंकी का घटिया निर्माण और बेस का कमजोर होना। ग्राम पंचायत की नल जल योजना के तहत ग्राम में बनी पानी की टंकी भ्रष्टाचार और अनियमित की भेंट चढ़ गई। हर घर को पेयजल उपलब्ध कराने बानी पानी की टंकी के नीचे चारों कॉलम जगह छोड़ चुके हैं, पानी सप्लाई देने वाला पाइप भी टूट गया और तो और पानी की टंकी भी ग्रामीणों को पूर्व की तरह झुकी हुई दिखाई दे रही है। ग्राम में खुदवाई गई पाइपलाइन जगह-जगह लीकेज मार रही है। ग्राम के रहमान का कहना है कि कहीं यह पानी की टंकी गिरी तो कईयों की जान ले लेगी। प्रशासन को समय रहते उचित कार्रवाई कर इसके निर्माण की जांच कराई जाना चाहिए। टंकी का निर्माण 22 मार्च 2022 में जिसकी लागत 61. 22 लाख अवधि 6 माह में पूर्ण की जानी थी, जो विगत वर्ष ही 2025 में निर्माण किया गया और निर्माण के बाद से वर्ष भर होने के बाद ग्राम पंचायत के चार्ज में नहीं दी गई है। इस संबंध में ग्राम पंचायत के सचिव भागीरथ ढोके ने बताया कि पानी की टंकी अभी ग्राम पंचायत के चार्ज में नहीं है। टंकी की घटिया स्थिति को लेकर पीएचई को बता दिया है। टंकी और लाइन को तीन माह तक सुचारू चलाने के बाद चार्ज में लेने का प्रावधान है।

### नेशनल लोक अदालत 14 मार्च को

# बिजली चोरी के राशि 10 लाख रुपए तक के लंबित प्रकरणों के होंगे समझौते

**अनोखा तीर, हरदा।** मप्र मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के कार्य क्षेत्र के भोपाल, नर्मदापुरम, ग्वालियर एवं चंबल संभाग के 16 जिलों में 14 मार्च शनिवार को नेशनल लोक अदालत में बिजली चोरी एवं अन्य अनियमितताओं के प्रकरण को समझौते के माध्यम से निराकृत किया जाएगा। कंपनी द्वारा विद्युत अधिनियम 2003 धारा 135 के तहत विद्युत चोरी के लंबित प्रकरणों एवं विशेष न्यायालयों में विचाराधीन प्रकरणों के निराकरण के लिए विद्युत उपभोक्ताओं एवं उपयोगकर्ताओं से अपील की गई है कि वे अप्रिय कानूनी कार्यवाही से बचने के लिए अदालत में समझौता करने के लिए संबंधित बिजली कार्यालय से संपर्क करें। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि धारा 135 के तहत विद्युत चोरी के बनाए गए लंबित प्रकरण एवं अदालत में लंबित प्रकरणों का निराकरण के लिए निम्नदाब श्रेणी के समस्त घरेलू, समस्त कृषि, 5 किलोवॉट तक के गैर घरेलू एवं 10 अश्व शक्ति भार तक के औद्योगिक उपभोक्ताओं को प्रकरणों में ही छूट दी जाएगी। प्रि–लिटिगेशन स्तर पर कंपनी द्वारा आंकलित सिविल दायित्व की राशि पर 30 प्रतिशत एवं आंकलित राशि के भुगतान में चूक किए जाने पर निर्धारण आदेश जारी होने की तिथि से 30 दिवस की अवधि समाप्त होने के पश्चात् प्रत्येक छः माही चक्रवृद्धि दर अनुसार 16 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से लगने वाले ब्याज की राशि पर 100 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। लिटिगेशन स्तर पर कंपनी द्वारा आंकलित सिविल दायित्व की राशि पर 20 प्रतिशत एवं आंकलित राशि के भुगतान में चूक किए जाने पर निर्धारण आदेश जारी होने की तिथि से 30 दिवस की अवधि समाप्त होने के पश्चात् प्रत्येक

### गुम बालिका को पुलिस ने चंद घंटों में ढूंढ निकाला

**अनोखा तीर, टिमरनी।** चौकी करताना, थाना टिमरनी को ग्राम गोगिया निवासी गोविन्द पिता राधेश्याम जाट द्वारा सूचना दी गई कि उनकी 4 वर्षीय पुत्री सुबह से नहीं मिल रही है। सूचना मिलते ही वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया। पुलिस अधीक्षक हरदा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं एसडीओपी टिमरनी के निर्देशन में तथा थाना प्रभारी टिमरनी के मार्गदर्शन में तत्काल टीम गठित कर मौके पर रवाना किया गया। पुलिस टीम द्वारा बच्ची की तलाश एवं पतारसी की गई।